कार्यशाला

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

02-08 मार्च, 2014

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगलधूसड़, गोरखपुर

कार्यष्ठाला

वर्तमान ष्ठिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

02-08 मार्च, 2014

सम्पादक

डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्राचार्य

आयोजक, कार्यष्ठाला

सह सम्पादक

डॉ. विजय कुमार चौधरी

संयोजक, कार्यष्ठाला

प्रकाष्ठाक

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर -273014

website: www.mpm.edu.in

e-mail: mpmpg5@gmail.com

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	व्याख्याता	पष्ठ
1.	डॉ. प्रदीप कुमार राव	1
2.	डॉ. अविनाष्ठा प्रताप सिंह	4
3.	श्री लोकेष्ठा कुमार प्रजापति	8
4.	डॉ. सुनील कुमार मिश्र	15
5.	श्री नन्दन ष्ठार्मा	27
6.	श्री पुरुषोत्तम पाण्डेय	31
7.	डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव	35
8.	डॉ. राजेष्ठा ष्ठुक्ल	41
9.	डॉ. ष्ठुभ्रांष्ठु ष्ठोखर सिंह	44
10.	डॉ. अजय बहादुर सिंह	50
11.	डॉ. ष्ठाष्ठिकान्त सिंह	53
12.	डॉ. रघुवीर नारायण सिंह	54
13.	श्री वीरेन्द्र तिवारी	57
14.	श्री प्रकाष्ठा प्रियदर्ष्ठी	62
15.	डॉ. राम सहाय	69
16.	डॉ. ष्ठिाव कुमार बर्नवाल	74
17.	डॉ. ष्ठालिनी सिंह	78
18.	श्रीमती कविता मन्ध्यान	82
19.	डॉ. विजय कुमार चौधरी	86

20.	डॉ. प्रवीन्द्र कुमार	91
21.	श्री श्रीकान्त मणि त्रिपाठी	94
22.	सुश्री मनीता सिंह	97
23.	श्री सुबोध मिश्र	101
24.	श्री सुभाष कुमार गुप्ता	106
25.	डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह	111
26.	श्रीमती ष्ठालिनी चौधरी	119
27.	डॉ. आरती सिंह	125
28.	सुश्री आम्रपाली वर्मा	129
29.	श्री प्रतीक कुमार दास	133
30.	श्री संजय कुमार तिवारी	136
31.	श्री विनय कुमार सिंह	139
32.	श्री प्रदीप कुमार वर्मा	142
33.	डॉ. अमित कुमार मिश्र	144
34.	सुश्री प्रियंका मिश्रा	146

महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के ष्ठिक्षकों में अध्ययन-अध्यापन की अनवरत विकास यात्रा पर आधारित सप्त दिवसीय कार्यष्ठाला : 2 से 8 मार्च 2014

वर्तमान ष्ठिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

डॉ. प्रदीप कुमार राव*

सूचना तकनीक की अद्यतन विकास यात्रा ने उच्च ष्ठिक्षण संस्थाओं की कक्षाओं में ष्ठिक्षक की उपयोगिता एवं उसकी भूमिका के समक्ष एक नयी चुनौती पैदा कर दी है। पाठ्य-पुस्तक की सर्वसुलभता, पत्र-पत्रिकाओं के विकसित होते आयाम, इलेक्ट्रॉनिक चैनलों पर विविध अकादमिक संवाद, परिचर्चा एवं कार्यक्रमों का प्रसारण, आडियो-वीडियो (दष्ठय-श्रव्य) रूप में पाठ्य सामग्रियों का सष्ठान तथा इण्टरनेट पर लगभग सभी विषयों पर उपलब्ध विपुल सामग्री के कारण यह प्रष्ठन खड़ा होना स्वाभाविक है कि ऐसे में उच्च ष्ठिक्षण संस्थाओं की कक्षाओं में ष्ठिक्षक की आवष्ठयकता आज किस रूप में है, है भी अथवा नहीं, यदि है तो क्यों? इस प्रष्ठन पर विचार करते समय वर्तमान परिदष्ठय में एक दूसरा प्रष्ठन भी खड़ा होता है कि 'ष्ठिक्षक' और 'कक्षा पढ़ाने वालों' में भी क्या अन्तर है।

वस्तुत: इस पूरक प्रष्ठन के उत्तर के स्वरूप पर ही पहले प्रष्ठन का उत्तर निर्भर करता है। यदि 'ष्ठिक्षक' और 'कक्षा पढ़ाने वाले व्यक्ति' में कोई अन्तर नहीं है तो जिस वर्तमान परिदष्ठय का संकेत ऊपर किया गया है, ऐसी परिस्थितियों में 'ष्ठिक्षक' की भूमिका समाप्त होने जा रही है। ष्ठिक्षण संस्थाओं की 'लाभ-हानि' का गणित (स्ववित्तपोषित ष्ठिक्षण संस्थाओं के विकास से ष्ठिक्षा व्यवस्था 'लाभ-हानि' की अवधारणा से पूर्णत: प्रभावित हो चुकी है।) तो यही कहता है कि किसी भी एक-दो कर्मचारी के सहयोग से यांत्रिक सुविधाओं का प्रयोग कर कक्षाएँ पढ़ा दी जाएँ।

किन्तु यदि 'ष्ठिक्षक' मात्र 'कक्षा पढ़ाने वाला व्यक्ति' नहीं अपितु कुछ और है, तो वही 'कुछ' जिसकी महिमा 'गुरु', 'मार्गदर्ष्ठक'

*प्राचार्य, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

इत्यादि रूप में भारत की सांस्कृतिक जीवन और परम्परा में प्राप्त होता है। इसी 'कुछ' के कारण व्यक्ति के विकास एवं समाज रचना के लिए 'शिक्षक' पहले भी अपरिहार्य था, आज भी अपरिहार्य और आगे भी विकल्पहीन बना रहेगा। इसी 'कुछ' के कारण 'शिक्षक' की समाज में धनवानों, बलवानों, शासकों से अलग एक विशिष्ट पहचान और प्रतिष्ठा थी। वसिष्ठ, विश्वामित्र, कृपाचार्य, द्रोणाचार्य, सन्दीपनि, बृहस्पति, शुक्राचार्य, कौटिल्य, शंकराचार्य, गुरुश्री गोरक्षनाथ, समर्थ गुरु रामदास, रामानन्द, रामकृष्ण परमहंस, गुरु गोविन्द सिंह आदि की; महामानव सृजित करने वाले शिक्षकों अथवा गुरुओं की हमारी एक समृद्ध परम्परा उपर्युक्त निष्कर्ष को ही प्रमाणित करते हैं। इन ऋषि शिक्षकों की इच्छाओं पर साम्राज्य बनते-बिगड़ते थे। इनके नैतिक एवं चारित्रिक तप के समक्ष बड़ा से बड़ा, देव-दानव, शासक-अपराधी अपना माथा टेकते रहते थे। इस परम्परा के शिक्षकों का विकल्प यांत्रिक दुनिया कभी नहीं दे सकेगी।

अत: आज बदले सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश में उस 'कुछ' की पहचान आवश्यक हो गयी है, जिसे अपने जीवन में समाहित कर 'पढ़ाने वाला व्यक्ति' मनुष्य अथवा महात्मा सृजित करने वाला 'शिक्षक' अथवा 'गुरु' के पद तक पहुँचे और अपनी कक्षा में अपनी अपरिहार्यता को सिद्ध कर सके।

किन्तु यह बात भी सर्वस्वीकार्य है कि आधुनिक शिक्षण-संस्थाएँ वसिष्ठ से लेकर श्रीरामकृष्ण परमहंस तक की गुरुकुल जैसी नहीं हैं। आज का युग भी वह युग नहीं है। देव-दर्शन से पूर्व रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई, पढ़ाई जैसी आवश्यक आवश्यकताएँ जरूरी हैं। आज की शिक्षा रोजगार का मुख्य साधन बन चुकी हैं। भौतिक संसाधनों के प्रगति पथ पर बढ़ रहे लगभग सवा अरब लोगों के भारत को सम्मानपूर्वक जीवनयापन के लिए रोजगार चाहिए ही। शिक्षा भी इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसे में आज के शिक्षक के समक्ष चुनौती और बड़ी है। उसे रोजी-रोटी हेतु आत्मनिर्भर युवा गढ़ना है तो राम, कृष्ण,

चन्द्रगुप्त और स्वामी विवेकानन्द जैसे महामानव भी पैदा करने हैं। शिक्षक की यही भूमिका आज के युग में 'शिक्षकत्व' को जिन्दा रख पायेगी। इसी 'दृष्टि' पर केन्द्रित शिक्षकों के अपने-अपने अनुभव पर आधारित शिक्षण प्रविधि को नित-नूतन आयाम प्रदान करने हेतु महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज जंगल धूसड़, गोरखपुर के शिक्षकों की प्रतिवर्ष की भाँति इस सत्र में भी 2 से 8 मार्च 2014 तक 'वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार' विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला पठन-पाठन में अनवरत सुधार के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में शिक्षकों की 'व्यक्तित्व-निर्माण' भूमिका को भी रेखांकित करेगी। यह कार्यशाला निम्न आयामों को स्पर्श करे, यह आग्रह है-

1. कक्षाध्यापन की विधि।
2. कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री- श्यामपट्ट, प्रोजेक्टर, सारांश इत्यादि का उपयोग, विधि एवं प्रभाव।
3. सारांश निर्माण विधि एवं उदाहरण स्वरूप उसका प्रारूप।
4. विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास
5. पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु प्रयास-उदाहरण सहित।
6. कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग एवं उसमें समस्या और समाधान।
7. वर्तमान कक्षाध्यापन प्रविधि में अनुभव आधारित सुधार।
8. अनुशासन।
9. कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता- यथा महाविद्यालय परिसर संस्कृति, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देश-समाज आदि।

शिक्षक एवं शिक्षण प्रविधि

डॉ. अविनाश प्रताप सिंह*

आज जीवन का प्रत्येक क्षेत्र चुनौतीपूर्ण है और तकनीकी दृष्टि से अपेक्षाकृत यह चुनौती जटिल हुई है। इसमें शिक्षा का भी क्षेत्र महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि जीवन में प्रगति और विकास में शिक्षा के क्षेत्र की महत्ता एवं अपरिहार्यता जगजाहिर है। इस समय नि:सन्देह शिक्षक के समक्ष दोनों तरफ कठिनाइयाँ हैं- एक तरफ उच्च शिक्षा का गिरता स्तर और दूसरी तरफ बाजारवाद का प्रभाव। ऐसे में शिक्षक के सामने एक बड़ी चुनौती है कि वह किस तरह का विद्यार्थी गढ़े जो वर्तमान परिवेश के अनुकूल तथा देश और समाज के प्रति सजग बन सके। एक बात तो इस सन्दर्भ में तय है कि वर्तमान सूचना तकनीकी प्रगति के प्रभाव को शिक्षण प्रविधि से अलग नहीं किया जा सकता। उसे अत्याधुनिक प्रविधियों को अपनाना ही होगा तभी शिक्षक प्रभावी और नेतृत्वकर्ता की भूमिका में आ सकता है। इन्हीं महत्त्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखकर सत्र 2013-14 में शैक्षिक पंचांग तथा आज की यह कार्यशाला मेरी समझ से आयोजित की गयी है।

इस सत्र में शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुझाव से सम्बन्धित कुछ महत्त्वपूर्ण बातें अधोलिखित हैं-

कक्षाध्यापन विधि एवं सहायक सामग्री:

सामान्य तौर पर सामाजिक मानविकी विषय का कक्षाध्यापन व्याख्यान एवं संवाद विधि के द्वारा सम्पन्न एवं संचालित किया जाता है, मैंने भी इसी विधि का प्रयोग किया। राजनीति शास्त्र विषय पढ़ने वाले ज्यादातर विद्यार्थी इसके पूर्व इस विषय से पूर्णत: अपरिचित ही होते हैं इसलिए कक्षा में उन्हें विषय की पृष्ठभूमि से जोड़ने में कठिनाई होती है। कक्षाध्यापन में शीर्षक से सम्बन्धित उदाहरणों के माध्यम से सरल और सुगम बनाने का प्रयास करता हूँ। एक बात और कि उदाहरण अपेक्षाकृत पवित्र और आदर्श लिये हुए होते हैं। प्रश्नोत्तर की विधि भी बहुत सीमा तक प्रभावी शिक्षण में महत्त्वपूर्ण प्रतीत हुआ है। यद्यपि कि विद्यार्थी का बौद्धिक ज्ञान अपेक्षाकृत बहुत कम ही होता है, यह अलग बात है। सारांश के द्वारा विषय और शीर्षक से सम्बन्धित तथ्यों और जानकारियों को छात्र तक पहुँचाने और शिक्षण को प्रभावी बनाने का सशक्त माध्यम मानते हुए इस सत्र में कक्षाओं में अनिवार्यत: प्रयोग किया गया लेकिन विद्यार्थियों ने उसका बहुत लाभ अपने पठन-पाठन में मेरी कक्षा में नहीं लिया। मुझे ऐसा प्रतीत होता है और इसे मैंने विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय अनुभव किया। पी.पी.टी. का प्रयोग लगभग तय कार्यक्रम के अनुसार मैंने किया। इस सम्बन्ध में मेरा मानना है कि शीर्षक की प्रकृति के अनुसार ही आवश्यक होने पर पी.पी.टी. पर शिक्षण किया जाना चाहिए। शिलापट्ट का प्रयोग मैंने कम किया जबकि मुझे यह अनुभव हो रहा है कि इसका प्रयोग अत्यधिक किया जाना चाहिए।

इस सत्र में अभिनव प्रयोग के रूप में सारांश द्वारा शिक्षण किया जाना उल्लेखनीय है। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह प्रविधि विद्यार्थियों और शिक्षक दोनों के लिए लाभकारी है। इस सत्र में इस लाभ का भागीदार शिक्षक तो रहा लेकिन विद्यार्थियों ने इसे उस रूप में गम्भीरता से नहीं लिया। मैंने अधिकतर सारांश को गम्भीरता के साथ तैयार किया लेकिन कई बार समयाभाव के कारण इसमें कुछ कमियाँ रह गयीं, ऐसा अनुभव हुआ। वर्तनी और भाषाई त्रुटियाँ भी सारांश में थीं इसके पीछे काफी हद तक कहीं न कहीं गम्भीरता में कमी एक कारण हो सकता है। इतना तो निश्चित है कि विद्यार्थियों को विषय के प्रति गम्भीरता से आकृष्ट करने के लिए सारांश को पुष्ट और परिपूर्ण तो बनाया ही जाना चाहिए।

विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास:

मैं अपनी कक्षा में विद्यार्थियों के साथ निरन्तर संवाद स्थापित

*प्रवक्ता, राजनीति शास्त्र, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

करते हुए उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित करता रहता हूँ। इसके लिए इस सत्र से पहले मैं मेधावी छात्रों को व्यक्तिगत रूप से उनके लिए आवष्ठयक पुस्तकें भी उपलब्ध कराता था। इस सत्र में भी मैंने स्वयं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को पुस्तकें दी हैं। कक्षाध्यापन विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं व्यक्तित्व सम्पन्नता का माध्यम बन सके इसका मैंने निरन्तर प्रयास किया है। सभा और समारोह सहित अन्य अवसरों पर संचालन, भाषण और प्रभावी वक्ता बनने के व्यावहारिक तरीकों से मैंने उन्हें परिचित कराया है।

उपस्थिति पंजिका से सम्बन्धित समस्या और समाधानः

इस सम्बन्ध में मेरा मानना है कि राजनीति ष्ठास्त्र विषय में अत्यधिक नामांकन होने के कारण उपस्थिति हेतु वाचन करने में समय लगता है जो व्याख्यान के लिए समय से ही कम होता है। इसके लिए मैंने अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को तीव्र गति से अपनी उपस्थिति अंकित कराने का प्रष्ठिाक्षण दिया और प्रभावी भी रहा।

अनुभव आधारित सुधारः

- कक्षाध्यापन से सम्बन्धित विषय/ष्ठीर्षक की गहरी समझ और अवधारणा पूर्णतः स्पष्ट होनी चाहिए।
- वर्तमान ज्ञान-विज्ञान से निरन्तर जुड़े रहना चाहिए।
- अभिव्यक्ति कौष्ठाल ष्ठिक्षक को ष्ठाक्तिष्ठाली बनाता है; इस हेतु इसका निरन्तर अभ्यास महत्त्वपूर्ण है।
- विद्यार्थियों को सारांष्ठा की छायाप्रति न देकर उन्हें बोलकर नोट कराया जा सकता है।
- कुछ ष्ठीर्षकों के सारांष्ठा स्वयं विद्यार्थियों से भी तैयार कराये जा सकते हैं और उस दिन की कक्षा उसी के माध्यम से चलायी जा सकती है।
- मासिक मूल्यांकन के बाद एक से दो दिन कक्षा में उनके उत्तर पर व्यक्तिगत रूप से वार्ता की जानी चाहिए।

- प्रत्येक व्याख्यान के बाद अन्तिम 10 मिनट सम्बन्धित ष्ठीर्षक पर प्रष्ठनोत्तर और परिचर्चा के लिए दी जानी चाहिए।
- ष्ठिलापट्ट का अधिकतम प्रयोग महत्त्वपूर्ण है।
- कक्षाध्यापन (विद्यार्थियों द्वारा) के वर्तमान स्वरूप में परिवर्तन किया जाना चाहिए।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

लोकेश कुमार प्रजापति*

वर्तमान संक्रमित शैक्षिक माहौल में उच्च शिक्षण संस्थाओं में इण्टर उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों को शिक्षा देना स्वयं में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसका प्रमुख कारण उ.प्र.मा.शिक्षा परिषद् एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा संचालित होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में अन्धाधुन्ध नकल एवं अभिभावकों के द्वारा अपने पाल्यों के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराने के कारण छात्रों में पठन-पाठन के प्रति अरुचि का होना है। इस व्यवस्था का ही परिणाम है कि कुछ शिक्षकों को छोड़कर शेष शिक्षक अपने उत्तरदायित्वों से मुँह मोड़ चुके हैं, वे कक्षा में विद्यार्थियों को पढ़ाने में कोई रुचि नहीं रखते। क्योंकि जब पढ़ाकर भी नकल ही कराना है तो पढ़ाना क्यों? दूसरे कुछ वे शिक्षक भी हैं जो वास्तव में विद्यार्थियों को पढ़ाना अपना कर्तव्य मानते हैं और उसका निर्वाह भी करते हैं। इसके लिए वे पुरस्कार और दण्ड दोनों का समन्वित प्रयोग करते हुए अच्छा से अच्छा परिणाम प्राप्त करना चाहते हैं। जब कोई विद्यार्थी गलतकार्य नहीं करता तो वे उसे दण्डित भी करते हैं। लेकिन इसका परिणाम यह होता है कि कुछ अभिभावकों को यदि छोड़ दिया जाय तो बहुत से अभिभावक शिक्षक के ऊपर ही दबाव डालते हैं; अर्थात् शिक्षक को ही विविध प्रकार से प्रताड़ित करते हैं, लेकिन अपने पाल्य को सुधारने का प्रयास नहीं करते। ऐसी स्थिति में पढ़ाने वाले शिक्षक भी अपने कर्तव्य से खुद को विमुख कर केवल कक्षा में जाना और पढ़ाकर चले आने से मतलब रखते हैं। शिक्षक यह नहीं देखना चाहता कि कौन पढ़ रहा है और कौन नहीं।

इन दृष्टान्तों से मेरा इतना ही आशय है कि वर्तमान शैक्षिक वातावरण में विद्यार्थियों का जो समूह उच्च शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश ले रहा है, उसमें से अधिकांश विद्यार्थियों को विषय की बुनियादी समझ होना तो दूर की बात है, उस भाषा की समझ तक नहीं है जिस पर उनके भविष्य की इमारत निर्मित होनी है। अब ऐसी परिस्थिति में शिक्षक के सम्मुख यह यक्ष प्रश्न उपस्थित होता है कि ऐसे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा कैसे दें कि वह उनके लिए ग्राह्य हो?

जहाँ तक **कक्षाध्यापन की विधि** का प्रश्न है तो मैं विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अधिक से अधिक शिलापट्ट का प्रयोग करता हूँ ताकि मेरे द्वारा जो कठिन शब्द उच्चारित किये जाते हैं उन्हें वे शिलापट्ट से देखकर अपनी उत्तर पुस्तिका में दर्ज कर लें। इससे यह ज्ञात होता है कि उस कठिन शब्द की कम से कम दो बार पुनरावृत्ति हो जाती है और उसके स्मरण की प्रायिकता बढ़ जाती है, जो मनोवैज्ञानिक प्रयोग द्वारा भी प्रमाणित है। साथ ही साथ अन्य सहायक सामग्रियों; यथा- प्रोजेक्टर, सारांश एवं मानचित्रों एवं रेखाचित्रों का प्रयोग कर कक्षाध्यापन को रुचिकर बनाने का प्रयास किया जाता रहा है। कक्षाध्यापन की विधि के प्रभाव को अगर देखा जाय तो इस सत्र में सारांश को लेकर विद्यार्थी गम्भीर रहे हैं। लेकिन इसका लाभ उन्हें कितना हुआ यह तो वे ही बता सकते हैं। यदि पूर्व विश्वविद्यालय परीक्षा 2014 को आधार बनाकर इसके लाभ का आकलन किया जाय तो परिणाम सबके सम्मुख है।

वैसे तो यदि देखा जाय तो **सारांश निर्माण** करने की कोई निश्चित विधि या पैमाना नहीं हो सकता। यह पढ़ाये जाने वाले शीर्षक की प्रकृति पर निर्भर करता है कि हम उसे किस प्रकार तैयार करें कि वह विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक ग्राह्य हो सके। सारांश बनाते समय मैं पढ़ाये जाने वाले शीर्षक से सम्बन्धित मुख्य तथ्यों को क्रमागत रूप से लिखकर उन्हें उपलब्ध कराता हूँ, साथ ही उन तथ्यों को श्यामपट्ट पर लिखकर उसे किस प्रकार विस्तार दिया जाय इसे व्याख्यायित करता हूँ।

विद्यार्थियों के अन्दर छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु मेरे द्वारा पढ़ाये जाने वाले विद्यार्थियों के ज्ञात गुणों को विकसित करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। विद्यार्थियों की प्रतिभा के प्रस्फुटन में

*अध्यक्ष, प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

छात्रकक्षाध्यापन एक महत्त्वपूर्ण अंग है इससे उनके अन्दर की झिझक दूर होती है। साथ ही साथ कक्षाध्यापन के दौरान महान् व्यक्तित्व वाले महापुरुषों के प्रारम्भिक जीवन पर चर्चा कर उनके अन्दर की छिपी प्रतिभा को प्रस्फुटित किये जाने का प्रयास किया जाता रहा है।

कक्षाध्यापन के दौरान पाठ्य सामग्री को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने के लिए बीच-बीच में विद्यार्थियों के सामाजिक एवं वातावरणीय परिवेश के आकलन के आधार पर समसामयिक उदाहरणों; यथा- फिल्म, दैनिक घटनाक्रम एवं सामाजिक परिवेश से सम्बन्धित उदाहरणों का प्रयोग कर विषय की नीरसता तथा उसे अक्षरशः याद करने के दबाव से मुक्त करते हुए यह बताने का प्रयास रहता है कि सम्बन्धित शीर्षक में किन तथ्यों को किस तकनीकी से याद किया जाय। उदाहरणस्वरूप षोडश संस्कार को ही लें, इसे पढ़ाते समय यह जरूरी है कि षोडश संस्कार सर्वप्रथम विद्यार्थियों को कैसे खेल-खेल में याद हो जाय। इसके लिए उन्हें 16 के स्थान पर मात्र 5 शब्द याद करने के लिए बताया गया; जैसे- गपुंस जनानि अचूक विउव केसविअ। इसी प्रकार वर्ण व्यवस्था को पढ़ाते समय यह उदाहरण दिया जाता है कि वर्ण व्यवस्था कर्म आधारित व्यवस्था थी अर्थात् कर्म से ही व्यक्ति के वर्ण का निर्धारण होता था। यदि वर्तमान में यह व्यवस्था लागू होती तो शिक्षा कार्य में लगे सभी व्यक्ति ब्राह्मण तथा व्यवसाय कार्य में लगे सभी व्यक्ति वैश्य होते चाहे वे किसी भी जाति के होते, उनका वर्ण उनके कर्मानुरूप होता लेकिन ऐसा नहीं है।

उपस्थिति पंजिका का प्रयोग नितान्त आवश्यक है, लेकिन यह तब और भी महत्त्वपूर्ण हो जाता जब इसके प्रयोग का औचित्य छात्र/छात्राओं का सनद होता। इसके लिए आवश्यक है कि इसे बाध्यकारी बनाया जाय तथा इसका प्रयोग मेरे अनुभवानुसार अनुक्रमांक के आधार पर न करके छात्र/छात्राओं के नाम उद्बोधन से होना चाहिए जिससे शिक्षक अधिकतम छात्र/छात्राओं के नाम से परिचित हो जाएँगे और अब शिक्षक कक्षाध्यापन के समय किसी छात्र/छात्रा का नाम लेकर

कक्षा में संवाद स्थापित करता है तो इसका सकारात्मक प्रभाव छात्र/छात्रा के सम्पूर्ण व्यक्तित्व पर देखा जा सकता है। क्योंकि जिस शिक्षक को उस छात्र/छात्रा का नाम याद होता है, उस शिक्षक को देखकर वह छात्र/छात्रा अपने अनुचित व्यवहार को भी संयमित कर लेता है।

समस्या-

1. उपस्थिति पंजिका के प्रयोग में वहाँ कोई समस्या नहीं, जहाँ छात्र/छात्राओं की संख्या कम है। लेकिन जिस कक्षा में छात्र/छात्राओं की संख्या 100 या 150 से अधिक है, वहाँ समस्या है। यह समस्या वहाँ है जब उपस्थिति पंजिका में पंजीकृत अधिकांश छात्र/छात्रा एक सप्ताह या 10 दिन से भी अधिक समय तक महाविद्यालय आते ही नहीं तब शिक्षक को उपस्थिति दर्ज करना मेरे अनुभवानुसार कुछ ठीक नहीं लगता।
2. कक्षाध्यापन की अवधि प्रभावित होती है। इस प्रक्रिया में लगभग 10 मिनट का समय उपस्थिति दर्ज करने तथा एक कक्षा से दूसरी कक्षा तक पहुँचने में शिक्षक का समय व्यतीत हो जाता है। इस स्थिति में कक्षा में पढ़ायाजाने वाला शीर्षक प्रभावित होता है।

समाधान-

1. कक्षा में छात्रों की संख्या मानकानुरूप 60 की बनायी जाय। लेकिन यह सम्भव नहीं, क्योंकि इससे अतिरिक्त शिक्षक की आवश्यकता होगी तथा महाविद्यालय प्रबन्धन पर अतिरिक्त व्यय भार बढ़ेगा।
2. उपस्थिति पंजिका में जो भी छात्र/छात्रा लगातार एक सप्ताह या 10 दिन तक अनुपस्थित रहता है, उसका नाम अगले माह से उपस्थिति पंजिका से हटा देना चाहिए। इससे शिक्षक का समय भी बचेगा तथा इस समस्या का समाधान भी हो जायेगा। क्योंकि यह बाध्यकारी तो है नहीं और व्यावहारिक धरातल पर इसका कोई लाभ नहीं दिखाई पड़ता। सिवाय प्रयोगात्मक विषय में

यदि उपस्थिति के आधार पर छात्र/छात्रा को अंक देने में वरीयता दी जाती हो तो, अन्यथा इसका प्रयोग बहुत अधिक छात्र/छात्राओं के लिए लाभकारी एवं अलाभकारी प्रतीत नहीं होता मात्र यह व्यवस्था खानापूर्ति बनकर रह गयी है।

वर्तमान **कक्षाध्यापन प्रविधि** वास्तव में शिक्षक एवं छात्र दोनों के लिए लाभकारी है। परन्तु इसमें शिक्षक तो लाभान्वित होता दिख रहा है, लेकिन छात्र नहीं। यह प्रविधि (सारांष्ठा) उन छात्रों के लिए अत्यधिक लाभकारी होता जो पी.जी. या प्रतियोगी परीक्षाओं में संलग्न हैं या जो नियमित अध्ययन करने वाले हैं। यह उन छात्रों के लिए समझ से परे है जो स्वाध्याय नहीं करते, उनके लिए यह मात्र संग्रह की सामग्री बन कर रह गयी है।

हमारा उद्देष्ठय छात्रों का हित पोषण करना है, जिसमें छात्रों का सर्वाधिक हित हो हमें वही प्रविधि अपनानी चाहिए अर्थात् बहुजन हिताय बहुजन सुखाय। हमारा आदर्ष्ठा होना चाहिए। जहाँ तक मेरा अब तक का अनुभव है तथा जो छात्रों का मानसिक स्तर है उसके अनुरूप सारांष्ठा प्रविधि उनके सिर के ऊपर से गुजर जाने वाली है। हाँ, इसका लाभ अधिकतम 10% छात्रों को होता दिख रहा है, लेकिन हमारा उद्देष्ठय 10% का हित नहीं अपितु 90% का हित करना है। क्योंकि किसी भी प्रविधि से अध्यापन किया जाय उसमें 10% की समस्या नहीं होती अपितु 90% की होती है और हमारे कक्षाध्यापन का उद्देष्ठय उन 90% छात्रों को ठीक करना होता है न कि 10% छात्रों को। सर्वाधिक छात्रों की कमजोरी उनका भाषा को ठीक से न जानना है। इसलिए इसमें सुधार के लिए आवष्ठयक है कि इनकी भाषा ठीक हो जाय। इसके लिए सप्ताह में एक दिन या महीने में कम से कम तीन दिन भाषा की कक्षाओं के माध्यम से सर्वप्रथम उनकी मात्रात्मक समझ को पुष्ट किया जाय तब जाकर तीन वर्षों में हम उपर्युक्त कक्षाध्यापन प्रविधि के माध्यम से अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

व्यक्तिगत रूप से मेरा उद्देष्ठय अब तक के शिक्षण अनुभव से यही है कि मेरे द्वारा पढ़ाया जाने वाला छात्र/छात्रा यदि मेरे सान्निध्य में इन तीन वर्षों में अपनी भाषा व व्याकरणिक त्रुटियों को ठीक कर लेता है तो यह मेरी उपलब्धि है और यही मेरा प्रयास भी रहता है जिसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है।

अनुष्ठासन एक परम आवष्ठयक तत्त्व है, जिसे बनाये बिना प्रभावकारी कक्षा संचालन नहीं किया जा सकता। क्योंकि एक छात्र की अनुष्ठासनहीनता को नजरन्दाज करने पर इसका प्रतिकूल प्रभाव सम्पूर्ण कक्षा पर पड़ता है। अतः शिक्षक का यह परम दायित्व है कि वह अनुष्ठासनहीनता को रोकने एवं आदर्ष्ठा कक्षा के संचालन के लिए पुरस्कार एवं दण्ड नीति का प्रयोग करे। दण्ड इसलिए भी आवष्ठयक है, क्योंकि एक पुरानी कहावत है- 'भय बिनु होय न प्रीति', अर्थात् बिना भय के अनुराग या लगाव विषय के प्रति उत्पन्न नहीं होता। दण्ड के अन्तर्गत शिक्षक छात्र/छात्रा को कक्षा से निष्कासित कर या उद्दण्ड छात्र को कक्षा में खड़ा कर पढ़ाये गय ष्ठीर्षकों से प्रष्ठन पूछकर उसे निरुत्तर करके अनुष्ठासन कायम कर सकता है। दूसरे मतानुसार उद्दण्ड छात्रों को कक्षा में दण्ड न देकर अकेले में उनसे वार्ता कर अनुष्ठासन कायम करने का प्रयास करना चाहिए।[1] इसके अतिरिक्त कक्षा में अनुष्ठासित रहने वाले छात्रों को पुरस्कार स्वरूप उनकी प्रष्ठांसा कर अन्य छात्र/छात्राओं को अनुष्ठासन में रहने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

कक्षाध्यापन के दौरान **अनौपचारिक वार्ता** जैसे- महाविद्यालय परिसर संस्कष्ठि, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देष्ठा एवं समाज आदि पर चर्चा के लिए अलग से विषय नहीं है। यह कक्षाध्यापन के समय होने वाले संवाद में ही सम्मिलित होते हैं और जैसे ही उनसे सम्बन्धित कोई सन्दर्भ आते हैं, उन पर उसी समय चर्चा की जाती है कि हम जिस संस्था से जुड़े हैं, उसका इतिहास-भूगोल क्या है और हमारे दायित्व इस संस्था के प्रति कैसे होने चाहिए? व्यक्ति के जीवन में उसके कुछ सिद्धान्त होते हैं और उन्हीं सिद्धान्तों के अनुरूप उसे

अपने आचरण, नैतिक मूल्य निर्धारित करने चाहिए। क्योंकि वही व्यक्ति की अपनी पहचान होती है जिससे वह समाज में जाना जाता है।

सन्दर्भः

1. श्रीकान्त मणि त्रिपाठी, प्रभारी, गणित विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

डॉ. सुनील कुमार मिश्र*

शिक्षा किसी भी राष्ट्र के निर्माण हेतु आवश्यक तत्त्व है। यह व्यक्ति में नैतिक, चारित्रिक एवं देश्ा-प्रेम की भावना का विकास करता Quality of life) में सुधार लाता है तथा मानव को गतिशील बनाता है। यह सर्वविदित है कि किसी भी देश्ा या राष्ट्र का उन्नयन उस देश्ा के नागरिकों के उन्नयन पर निर्भर करता है। अतः शिक्षा का उचित विकास राष्ट्र, समाज एवं व्यक्ति तीनों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।

प्राचीन काल से ही भारतीय मनीषी शिक्षा की महत्ता को स्वीकार करते हुए, तथा शिक्षा को पुनीत कार्य मानते हुए लोगों को शिक्षित करते आ रहे हैं। उस समय शिक्षा का उद्देश्य था 'ज्ञानार्जन' करना, अतः पारम्परिक शिक्षण प्रविधि यथा गुरुकुल में रहकर अध्ययन करना, स्वाध्याय पद्धति इत्यादि अधिक प्रभावी एवं प्रचलित थी। समय-समय पर शिक्षा का उद्देश्य बदलता गया अतः शिक्षण पद्धतियों में भी व्यापक परिवर्तन होते गये। वर्तमान में शिक्षा एवं शिक्षण प्रविधि को समसामयिक बनाने के लिए नयी-नयी तकनीकों को शिक्षण पद्धति में जोड़ा जा रहा है; उसे नये-नये प्रयोगों से आच्छादित किया जा रहा है। ये प्रयोग व परिवर्तन हमें समय के साथ शिक्षण पद्धति को प्रासंगिक बनाये रखने के लिए करना पड़ता है। आज शिक्षा मात्र ज्ञानार्जन हेतु आवश्यक नहीं है वरन् व्यक्ति की उत्तरजीविता हेतु अनिवार्य साधन है। विकास की इस अन्धी दौड़ में शिक्षा ही हमें उचित रास्ता दिखाती है। शिक्षा की प्रभावशीलता कहीं कम न हो जाये अतः शिक्षा में उचित तकनीकी एवं आनुभविक प्रयोग किये जा रहे हैं। शिक्षण प्रविधि में परिवर्तन के क्रम में हमारे महाविद्यालय में भी प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष

*प्रभारी-मनोविज्ञान विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

भी कुछ नये प्रयोग किये गये हैं। आज हम लोग इन प्रयोगों के प्रभावों का मूल्यांकन करेंगे। कोई भी प्रयोग शतप्रतिशत सफल होगा, यह मात्र आदर्श परिकल्पना है, अतः शिक्षण की इन पद्धतियों का (महाविद्यालय में चलायी जा रही नूतन पद्धतियों का) आलोचनात्मक मूल्यांकन इस प्रकार है-

कक्षाध्यापन की विधिः

वर्तमान सत्र में (तथा विगत सत्रों में भी) कक्षाध्यापन मुख्यतः व्याख्यान विधि, प्रश्नोत्तर विधि तथा दत्त कार्य विधि से संचालित हुआ। पारम्परिक व्याख्यान विधि यद्यपि प्रभावी तो है परन्तु इस विधि में छात्र मात्र मूकदर्शक ही बने रहते हैं; वे व्याख्यान से कितना कुछ सीख रहे हैं, यह ज्ञात नहीं हो पाता है। अतः इस सत्र में कक्षाध्यापन के दौरान विद्यार्थियों की सक्रियता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तर विधि का उपयोग किया गया। यह विधि सैद्धान्तिक रूप से काफी अच्छी है परन्तु इसे प्रयोग करते समय इस सत्र में कुछ समस्याएँ भी सामने आयीं, वे निम्नलिखित हैं-

- ♦ छात्रों की उदासीनता एवं कुछ भी न बोलने या उनमें पूछने की प्रवृत्ति के अभाव से यह प्रविधि ठीक ढंग से लागू न हो सकी।
- ♦ छात्र, शिक्षक के सम्मुख मुँह खोलने को बिल्कुल राजी नहीं हुए, अधिक प्रयास करने पर छात्रों में पलायनवादी प्रवृत्ति (कक्षाओं में उपस्थित न होना, विषय परिवर्तन इत्यादि) उत्पन्न हुई।
- ♦ इस प्रवृत्ति के पीछे मुख्य कारणों की खोज करने पर ज्ञात हुआ कि आज के छात्र जिस तरह आसानी से बिना अतिरिक्त परिश्रम के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की कक्षाओं में सफल हो जा रहे हैं, उनकी यही प्रवृत्ति उन्हें अन्तर्क्रिया न करने एवं कक्षाओं में उपस्थिति तथा रुचि को न्यून करती है।
- ♦ प्रश्नोत्तर विधि को और प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को और प्रयास करने की आवश्यकता है।

- ♦ दत्त कार्य विधि (Assignment Method) में छात्रों की रुचि न के बराबर रही। छात्र दिये गये कार्य/कार्यों को कभी पूरा ही नहीं किये/समय से पूरा नहीं किये।

सहायक सामग्रियों का प्रयोगः

कक्षाध्यापन के दौरान सहायक सामग्रियों के रूप में श्यामपट्ट, एल.सी.डी. प्रोजेक्टर तथा सारांश का प्रयोग किया गया। श्यामपट्ट का प्रयोग पारम्परिक रूप से किया गया तथा इसका कक्षाध्यापन में एक विशिष्ट स्थान है। यद्यपि यह काफी प्रभावी सामग्री है परन्तु इसमें कुछ भी नवीनता न होने से एक स्थिर प्रभाव ही उत्पन्न करती है। कक्षाध्यापन को विशिष्ट एवं नवीन बनाने के उद्देश्य से इस सत्र में दो नवीन पद्धतियाँ प्रचलित की गयीं। एक है- प्रत्येक कक्षा में पढ़ाये जाने वाले विषय के सारांश की प्रतियों का छात्रों में वितरण, तथा दूसरा है- प्रत्येक कक्षा में प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्रों में पाँच या अधिक कक्षाओं का एल.सी.डी. प्रोजेक्टर द्वारा कक्षा का संचालन। इन दोनों विधियों के बारे में मेरा अनुभव इस प्रकार है-

सारांश का वितरण- यह एक अच्छा एवं अभिनव प्रयोग है। इसके मिश्रित परिणाम प्राप्त हुए हैं-

(1) इस प्रविधि से ब्लाकों को प्रत्येक विषय के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्राप्त हो जा रहा है, जिससे उन्हें पढ़ने, नोट्स बनाने एवं स्वाध्याय में आसानी हो रही है। वहीं दूसरी ओर उनमें सारांश के प्रति आश्रितता में भी वृद्धि हो रही है अर्थात् उनमें कुछ भी लिखने या पढ़ने का, अभ्यास न करने की प्रवृत्ति विकसित हो रही है, जिसके कारण उनकी लेखन शैली तथा लेखन गति में अपेक्षित विकास नहीं हो पा रहा है। उनकी लेखन में होने वाली सुधारात्मक प्रक्रिया बाधित हो रही है।

(2) यह प्रयोग अच्छे छात्रों (पढ़ने-लिखने में रुचि रखने वाले छात्र) के लिए अच्छा तथा न पढ़ने वाले छात्रों के लिए बुरा सिद्ध हो रहा है।

(3) यद्यपि यह प्रयोग अपेक्षित परिणाम की प्राप्ति नहीं कर पा रहा है, परन्तु इसके लगातार प्रयोग से भविष्य में अच्छे परिणाम सामने आयेंगे, यह मेरा विष्ठवास है। बष्ठार्ते इसमें कुछ मूल बातों का ध्यान रखा जाय; जैसे-

- ♦ सारांष्ठा का निर्माण अच्छे एवं उच्चस्तरीय सन्दर्भ ग्रन्थों से किया जाय।
- ♦ सारांष्ठा में चित्रों, प्रतीकों एवं Key-words का भरपूर प्रयोग किया जाय।
- ♦ सारांष्ठा को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी बनाया जाय।

प्रोजेक्टर के माध्यम से कक्षाध्यापनः

महाविद्यालय में प्रत्येक विषय में कम से कम पाँच कक्षाओं का संचालन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। यह एक अनूठा प्रयोग है, जो सफल रहा। परन्तु इस विधि में कुछ समस्याएँ भी उत्पन्न हुईं। यदि इन समस्याओं का निवारण कर दिया जाय तो यह प्रविधि और भी प्रभावी हो सकती है। ये समस्याएँ निम्न हैं-

- ♦ प्रोजेक्टर विधि से कक्षा संचालन के दौरान बिजली का बार-बार कटना।
- ♦ छात्र-छात्राओं की इस प्रविधि के प्रति अनभिज्ञता। (अनभिज्ञता के कारण ही छात्र पूरी कक्षा के दौरान केवल मूकदर्ष्ठाक बने रहे।)

विद्यार्थियों में अन्तर्निहित प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु किये जाने वाले प्रयासः

विद्यार्थियों में अन्तर्निहित प्रतिभाएँ प्रस्फुटित होकर सामने आयें, इसके लिए पूरे सत्र में निम्न प्रयास किये गये-

1. प्रति सप्ताह एक दिन ष्ठिक्षक की उपस्थिति में छात्रों द्वारा कक्षाध्यापन।

2. छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें प्रष्ठन पूछने एवं अपनी जानने की प्रवष्ठि (Curiocity) को ष्ठान्त करने के लिए ष्ठिक्षक-छात्र अन्तर्क्रिया पर बल।
3. छात्रों का मासिक मूल्यांकन।
4. छात्रों में निर्णय लेने की प्रवष्ठि का विकास हो सके, इसके लिए समय-समय पर सम्बन्धित विषय में अभिक्षमता परीक्षण।
5. पूरे सत्र में अपनी कक्षा के दौरान मैं छात्रों को एक अध्याय की समाप्ति पर उस अध्याय से सम्बन्धित प्रष्ठनों के उत्तर लिखने को देता था तथा उनकी जाँच भी करता था। इस विधि से छात्र-छात्राओं की लेखन-ष्ठैली एवं अभिव्यक्ति की क्षमता का परीक्षण किया गया।
6. छात्रों को उनकी योग्यतानुसार दत्त कार्य के निष्पादन का परीक्षण किया गया।
7. छात्रों में अन्तर्निहित प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु उन्हें उनकी क्षमता के अनुरूप विषय एवं विषयेतर क्रिया-कलापों में संलग्न किया जाता रहा है।

प्रयासों का मूल्यांकनः

उपर्युक्त सभी क्रिया-कलाप छात्रों में निहित प्रतिभा को निखारने का प्रयत्न था, हम इसमें आंष्ठिक रूप से सफल भी रहे, क्योंकि जैसा ऊपर बताया जा चुका है कि विद्यार्थियों की पलायनवादी प्रवष्ठि उन्हें किसी भी कार्य योजना में सम्मिलित होने से रोकती रही है, अतः इन प्रयासों में हम अंष्ठातः सफल रहे।

ष्ठिक्षकों की कुष्ठालता में गुणात्मक सुधारः

जिस तरह विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा में अभिवष्ठिद्ध हेतु अवसरों की आवष्ठयकता होती है, उसी प्रकार ष्ठिक्षकों को गतिष्ठील बनाने के लिए समय-समय पर सेमिनार सिम्पोजियम कान्फ्रेन्स या कार्यष्ठाला में सम्मिलित होने के लिए महाविद्यालय को प्रोत्साहन देना

चाहिए; उन्हें उदारतापूर्वक अवसर प्रदान करने चाहिए।

- ♦ शिक्षकों को विश्वविद्यालय या अन्य महाविद्यालयों में आयोजित संगोष्ठियों या कार्यशालाओं में सम्मिलित होने के लिए आकस्मिक अवकाश लेना पड़ता है, इससे शिक्षकों की ऐसी गतिविधियों में सम्मिलित होने में रुचि समाप्तप्राय हो जाती है। मेरा मानना है कि यदि महाविद्यालय उन्हें अवसर प्रदान करे तो शिक्षकों में गुणात्मक सुधार होगा तथा इसका स्पष्ट प्रभाव शिक्षक की शिक्षण पद्धति एवं अभियोग्यता पर पड़ेगा।
- ♦ शिक्षकों को अपनी शिक्षण प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रयत्न करने चाहिए।
- ♦ छात्रों का मूल्यांकन तो समय-समय पर होता है परन्तु शिक्षक का मूल्यांकन प्रतिदिन-प्रतिक्षण होता है; शिक्षक को यह मानकर सदैव तैयार रहना चाहिए।
- ♦ शिक्षकों का वेतन उन्हें जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक है। वेतन के लिए तो प्रत्येक शिक्षक अध्यापन करता है, परन्तु एक शिक्षक का कार्य मात्र वेतन के लिए नहीं होना चाहिए। शिक्षक का आत्म-सम्मान ही उसका असली पारिश्रमिक है। जब एक छात्र अपनी उपलब्धियों के लिए शिक्षक को श्रेय देता है तो शिक्षक को भी काफी खुशी होती है। अत: शिक्षकों को व्यावसायिक न बनकर व्यावहारिक बनना चाहिए।
- ♦ सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि नित नये-नये प्रयोगों से शिक्षक और छात्र की मौलिकता कहीं समाप्त न हो जाय, वे मात्र यंत्र बनकर न रह जायें, इस बात का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इसलिए शिक्षक को यह छूट मिलनी चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर वह इन प्रयोगों के साथ ही अन्य प्रविधियों (चाहे वह परम्परागत प्रविधि ही क्यों न हो) का भी इस्तेमाल कर सके।

कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग-समस्या व समाधान:

मनोविज्ञान की कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या सीमित है, अत:

उपस्थिति पंजिका में पंजीकृत सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति प्रतिदिन उनके नाम से अद्यतन किया जाता है। मेरे विषय में इस सम्बन्ध में कोई समस्या नहीं है।

अनुशासन:

मेरे विषय में कक्षाध्यापन के दौरान छात्र अनुशासित रहते हैं, अत: अनुशासन सम्बन्धी कोई समस्या नहीं है।

कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता:

मेरी कक्षा में लगभग प्रतिदिन अनौपचारिक वार्ता होती रहती है। यद्यपि मेरा विषय सीधे तौर पर दैनिक व्यवहारों से जुड़ा है, अत: कक्षाध्यापन के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से संस्कृति, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देशा तथा समाज के बारे में चर्चा-परिचर्चा होती रहती है।

प्रयोगात्मक कक्षाओं में विशेष

मनोविज्ञान में प्रयोग:

प्रयोग सिद्धान्तों का वयावहारिक अनुप्रयोग होता है। प्राय: जो बातें गहन अध्ययन से भी स्पष्ट नहीं हो पाती हैं, वह प्रयोग से अनायास ही स्पष्ट हो जाती हैं। साथ ही प्रयोग विधि से सीखी गयी बातों की स्मृति भी दीर्घकाल तक बनी रहती है क्योंकि इससे छात्रों में ज्ञानात्मक व बोधात्मक दोनों प्रकार की अभिक्षमताओं में अभिवृद्धि होती है। अत: सभी प्रकार के विज्ञानों में प्रयोग की आवश्यकता व अनिवार्यता को महसूस कर इसे पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। हमारा विषय मनोविज्ञान वस्तुत: एक जैव-सामाजिक (Bio-Social) विज्ञान है। अत: इसके पाठ्यक्रम में भी प्रयोग को सम्मिलित किया गया है।

प्रयोग विधि से होने वाले लाभ:

1. जब छात्र सीखे गये सिद्धान्तों, तथ्यों तथा उपागमों को विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से सीखता है, तब उसमें कार्य को व्यवस्थित ढंग से करने की योग्यता का विकास होता है। उसमें किसी भी कार्य को

वैज्ञानिक ढंग से करने की प्रवृत्तियों का उदय होता है। इस प्रकार वह अपने निजी जीवन में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रति धैर्य बनाये रखने में सफल होता है।

2. छात्र में व्यावहारिकता का उदय होता है। वह सैद्धान्तिक तथ्यों का व्यावहारिक प्रयोग कर पाने में सक्षम होता है। इस प्रकार सिद्धान्त मात्र किताब या पुस्तकालय की शोभा बढ़ाने की विषय-वस्तु न रहकर दैनिक उपयोग का एक माध्यम बन जाता है। उदाहरण के लिए थॉमस एल्वा एडिसन द्वारा विद्युत के क्षेत्र में किये गये प्रयोग।
3. प्रयोग विधि से नये-नये सिद्धान्तों एवं तथ्यों के अन्वेषण का मार्ग प्रशस्त होता है। जब छात्र कोई भी प्रयोग करता है तो उसे कुछ नयी-नयी समस्याओं का भी पता चलता है, केवल सैद्धान्तिक अध्ययन से ऐसा सम्भव नहीं हो पाता। उदाहरणार्थ- मनोविज्ञान पढ़ने वाला विद्यार्थी चाहे कितना ही सैद्धान्तिक ज्ञान प्राप्त कर ले परन्तु उसे वास्तविक ज्ञान तभी होगा जब वह प्रायोगिक कार्य करेगा। इससे उसे मानव व्यवहार के वास्तविक स्वरूप का भान होगा।
4. प्रयोग विधि से छात्र के ज्ञान में परिपक्वता आती है।
5. प्रयोग विधि से छात्र में सामाजिकता की भावना एवं कुछ करने की इच्छा का उदय होता है।

महाविद्यालय के मनोविज्ञान प्रयोगशाला में होने वाले प्रयोगात्मक कार्य:

हमारे महाविद्यालय में मनोविज्ञान विषय के प्रयोगात्मक कार्यों के लिए लगभग सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त एक प्रयोगशाला है, जिसमें मनोविज्ञान के छात्र प्रायोगिक कार्य करते हैं। स्नातक प्रथम वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्र प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं मंगलवार को तथा द्वितीय वर्ष के छात्र शुक्रवार एवं शनिवार को प्रयोगात्मक कार्य करते हैं। प्रयोगात्मक कार्यों को सम्पन्न कराने के लिए दो शिक्षक हैं तथा एक प्रयोगशाला सहायक भी है जो भूगोल विभाग के साथ भी जुड़ा है तथा

वह विशेष आग्रह पर कभी-कभी प्रकट होता है। प्रयोगशाला में विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रयोगों को सम्पादित करवाया जाता है। प्रयोगात्मक कार्य 16 अगस्त से प्रारम्भ हो जाता है। प्रयोगशाला में आवश्यक सामग्रियों की प्रतिपूर्ति समय-समय पर होती रहती है, अत: पूरे सत्र में प्रायोगिक कार्य निर्बाध चलते रहते हैं।

उपर्युक्त के आलोक में यह कहा जा सकता है कि हमारे महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग में प्रायोगिक कार्य हेतु आवश्यक संसाधन मौजूद हैं, तथापि कुछ ऐसी समस्याएँ भी हैं जो मुझे लगता है कि यदि महाविद्यालय उसे दूर कर सके तो प्रायोगिक कार्य और भी बेहतर हो सकेगा। ये समस्याएँ निम्न हैं-

1. प्रयोगशाला से संलग्न स्टोर रूम का होना:

हमारे यहाँ चूँकि मानव व्यवहार का अध्ययन किया जाता है, अत: इसमें गोपनीयता का होना अति आवश्यक तत्त्व है। यदि प्रयोज्य को प्रयोग से पहले पता चल जाये कि प्रयोगकर्ता उससे क्या करवाने वाला है तब वास्तविक परिणाम कभी प्राप्त नहीं हो सकेगा। इस स्थिति में यदि प्रयोज्य के सम्मुख प्रयोगकर्ता समस्त सामग्रियों को एक साथ प्रदर्शित कर देता है तब प्रयोग की गोपनीयता भंग होने की सम्भावना बढ़ जाती है। अत: सामग्रियों को अलग एक स्टोर रूम में रखकर गोपनीयता बनाये रखी जा सकती है।

2. प्रयोगशाला से छात्रों की संख्या के हिसाब से स्थान की अपर्याप्तता:

यद्यपि प्रयोगशाला में स्थान 25 छात्रों के लिए उपयुक्त है। (हमारे यहाँ 25 छात्र का मतलब 50 छात्र हो जाता है क्योंकि प्रयोज्य एवं प्रयोगकर्ता दोनों छात्र ही रहते हैं) ये 25 छात्र इस तरह व्यवस्थित किये जाते हैं कि एक छात्र के कार्य, दूसरे के कार्यों से प्रभावित न हों। अत: प्रयोगशाला कम से कम एक साथ 40 छात्रों के लिए होनी चाहिए।

3. प्रयोगशाला का उपयोग सिर्फ प्रयोगशाला के लिये ही किया जाय:

हमारे यहाँ कभी-कभी प्रयोग परिस्थिति के अनुरूप ही किया जा सकता है ऐसे समय में यदि किसी कारण से प्रयोगशाला खाली नहीं

मिलता है तब कार्य सम्पन्न नहीं हो पाते हैं। उदाहरणार्थ- प्रोजेक्टर से अन्य विषय की कक्षा के संचालन से प्रयोगात्मक कार्य में बाधा उत्पन्न होती है । हद तो तब होती है जब प्रोजेक्टर की कक्षाओं के लिए प्रयोगात्मक कार्य प्रयोगष्ठाला में सम्पन्न न करके अन्य किसी कमरे में करना पड़ता है।

4. प्रयोगात्मक कार्यों के दौरान एक प्रयोगष्ठाला सहायक की व्यवस्था हो:

यद्यपि मनोविज्ञान विभाग में एक प्रयोगष्ठाला सहायक नियुक्त है परन्तु यह भूगोल विभाग से भी सम्बद्ध है तथा जिस दिन भूगोल विभाग में प्रयोगात्मक कार्य होते हैं उसी दिन मनोविज्ञान विभाग में भी होते हैं। अत: वह कभी भी समय पर उपलब्ध नहीं हो पाता है। महाविद्यालय द्वारा विभाग को ऐसा प्रयोगष्ठाला सहायक उपलब्ध कराया जाना चाहिए जो कम से कम प्रयोगात्मक कार्य के दौरान प्रयोगष्ठाला में उपस्थित रहे।

5. मनोविज्ञान में अधिकतर प्रायोगिक कार्य पेपर-पेन्सिल परीक्षण पर आधारित होते हैं; इसमें विभिन्न प्रकार की प्रष्ठनावलियों के निर्माण से लेकर फोटो कॉपी तक करवाने पड़ते हैं। अत: महाविद्यालय द्वारा छात्रों को नि:ष्ठुल्क फोटो कॉपी की सुविधा उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।

समान्तर कक्षाओं के संचालन से समस्या:

6. कभी-कभी प्रयोगात्मक कार्यों में दोनों ष्ठिक्षकों की आवष्ठयकता पड़ती है। या यदि एक ष्ठिक्षक छुट्टी पर है तब भी एक ष्ठिक्षक के समक्ष प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक दोनों कक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी आ जाती है। ऐसे में समान्तर कक्षाएँ प्रायोगिक कार्य में बाधा उत्पन्न करती हैं। ऐसे में प्रायोगिक कार्य सम्पादित नहीं हो पाते हैं।

7. प्रायोगिक मनोविज्ञान एवं सैद्धान्तिम मनोविज्ञान के पाठ्यक्रम में कहीं-कहीं अनियमितता है अर्थात् जो चीजें सैद्धान्तिक प्रष्ठन-पत्रों में हैं वे सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम में नहीं हैं अत: इनके लिए सन्दर्भ पुस्तकों का अभाव है। अत: महाविद्यालय से यह अपेक्षा है कि चाहे लाइब्रेरी में या प्रयोगष्ठाला में ही अतिरिक्त सन्दर्भ पुस्तकों की उपलब्धता सुनिष्ठिचत

कराये।

8. मनोविज्ञान के सभी प्रष्ठन पत्रों तथा पाठ्यक्रमों का हिन्दी माध्यम से पाठ्य-पुस्तक या सन्दर्भ ग्रन्थों का अभाव है। अत: कुछ स्तरीय अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकें उपलब्ध करायी जाय (कम से कम एक या दो प्रतियों में ही सही सभी प्रष्ठन पत्रों का दोनों माध्यमों की पुस्तकों का होना अनिवार्य है। कुछ अंग्रेजी माध्यम से ष्ठिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की भी यह ष्ठिकायत होती है।)

9. छात्रों से सम्बन्धित समस्याएँ:

(अ) छात्रों की उपस्थिति- अन्य कक्षाओं की भाँति प्रयोगात्मक कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति न्यून ही रहती है। फलत: प्रयोगात्मक कक्षाएँ नियमित चलने के बावजूद छात्रों को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता है।

(ब) छात्रों की रुचि का अभाव- छात्र प्रयोगात्मक कार्यों में रुचि नहीं लेते हैं। उनका उद्देष्ठय होता है कि किसी भी प्रकार से प्रैक्टिकल फाइल पूरी हो जाय और वे प्रयोगात्मक परीक्षा में अच्छे अंक पा जायं।

(स) छात्रों में प्रायोगिक कुष्ठालता एवं अभिवष्ठित की कमी- कुछ छात्र मात्र देखा-देखी या विषय परिवर्तन कर मनोविज्ञान विषय ले लेते हैं , उनमें मनोविज्ञान के प्रति ज्ञान, अभिवष्ठित न्यून मात्रा में भी नहीं होती है, ये सभी छात्र सिरदर्द बढ़ाते हैं; सिखाने पर भी सीखने के लिए तत्पर नहीं होते हैं।

(द) समयबद्धता/नियमबद्धता के गुण का अभाव- प्रायोगिक कार्य का सबसे महत्त्वपूर्ण गुण होता है नियमबद्धता एवं समयबद्धता, लेकिन अधिकांष्ठा छात्र कोई भी कार्य समय पर पूरा ही नहीं करते हैं। इस सत्र में भी प्रायोगिक कार्य पूर्णता की अन्तिम तिथि निर्धारण के बावजूद 55 में से मात्र 10 छात्र ही अपने कार्य पूर्ण कर सके। ष्ठोष में से कुछ ने लिखना ही छोड़ दिया तथा कुछ ने विषय परिवर्तन कर लिया।

उपर्युक्त के बावजूद कुछ छात्र ऐसे भी हैं जो प्रयोगात्मक कार्यों में विशेष रुचि दिखाते हैं तथा कार्यों को समय पर पूरा भी करते हैं।

प्रयोगात्मक कक्षाओं की प्रभावशीलता में वृद्धि हेतु उपायः

1. एक दिन में एक ही कक्षा के प्रयोगात्मक कार्य कराये जायं।
2. प्रायोगिक कक्षाओं एवं सैद्धान्तिक कक्षाओं को समानान्तर न चलाया जाय।
3. कम से कम प्रायोगिक कार्यों के दौरान प्रयोगशाला सहायक उपस्थित रहे।
4. प्रयोगशाला हेतु उच्चस्तरीय सन्दर्भ ग्रन्थों को उपलब्ध कराया जाय।
5. छात्रों को प्रायोगिक कार्यों की महत्ता समझ में आये, इसके लिए अतिरिक्त प्रयास किये जायं।
6. मनोविज्ञान प्रयोगशाला को और समृद्ध बनाया जाय।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

नन्दन शर्मा*

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार के दृष्टिकोण से शिक्षक, कक्षा पढ़ाने वालों एवं शिक्षकत्व मुख्य रूप से विचारणीय हैं।

डॉ. एस. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग 1948-49 ने विश्वविद्यालय शिक्षा के निम्नलिखित उद्देश्य बताये हैं-

- ऐसे व्यक्तियों का निर्माण करना जो राजनीतिक, प्रशासकीय तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नेतृत्व ग्रहण कर सकें; जो दूरदर्शी, बुद्धिमान तथा साहसी हों।
- ऐसे विवेकी व्यक्तियों अर्थात् शिक्षकों को जन्म देना जो शिक्षा का प्रसार कर सकें।
- शिक्षा का उद्देश्य जीवन और ज्ञान की विभिन्न शाखाओं में समन्वय स्थापित करना तथा देश की सभ्यता तथा संस्कृति का पोषण करना।

शिक्षण के स्तर के सम्बन्ध में आयोग ने महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के शिक्षण स्तरोन्नयन के लिए कुछ सिफारिशें कीं-

- छात्रों की बढ़ती हुई भीड़ को रोकने हेतु शिक्षण विश्वविद्यालयों में 3000 और उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में 1500 से अधिक छात्र नहीं होने चाहिए।
- एक वर्ष में कम से कम 180 दिन शिक्षण कार्य किया जाना चाहिए।
- शिक्षकों के व्याख्यान परिश्रम और सावधानी से तैयार किये जाने चाहिए तथा उससे सम्बन्धित आवश्यक संसाधन पुस्तकालयों में उपलब्ध होने चाहिए।

*प्रवक्ता-वाणिज्य विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

- अध्ययन के किसी भी पाठ्यक्रम के लिए पाठ्य-पुस्तकें निर्धारित नहीं की जानी चाहिए।

इसके अतिरिक्त आयोग की रिपोर्ट में अध्यापक वर्ग, पाठ्यक्रम, व्यावसायिक शिक्षा, वाणिज्य शिक्षण, शिक्षक प्रशिक्षण, इंजीनियरिंग और टेक्नॉलॉजी शिक्षण, विधि शिक्षण, चिकित्सा शिक्षा, धार्मिक शिक्षा आदि कई घटकों पर संस्तुति की गयी है।

इन मुख्य तथ्यों पर संक्षिप्त विवेचन अभिव्यक्ति की परिकल्पना को प्रकट करता है। उपर्युक्त बातें आदर्श से प्रेरित हैं जो भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक परम्परा के अनुरूप शिक्षक से सम्बन्धित है।

वर्तमान में स्ववित्तपोषित शिक्षण संस्थाओं में छात्रों की संख्या का बढ़ता दबाव, लाभ-हानि का गणित तथा शिक्षकों के जीविकोपार्जन से सम्बन्धित चुनौतियाँ उन्हें 'कक्षा पढ़ाने वाला' बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। ऐसी परिस्थिति में प्रौद्योगिकी का प्रयोग आवश्यक है। संसाधन सीमित हैं, उनका युक्तियुक्त प्रयोग कर उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है।

वर्तमान परिदृश्य में शिक्षण एवं अधिगम प्रक्रिया में सूचना तकनीकी तथा विविध शिक्षण प्रविधियों का प्रयोग आवश्यक हो गया है। इनके प्रयोग से 'शिक्षकत्व' को प्राप्त किया जा सकता है तथा वर्तमान चुनौतियों का सामना किया जा सकता है।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार से सम्बन्धित प्रमुख उद्देश्य हैं-

- शिक्षकों द्वारा प्रयोग में लायी गयीं विभिन्न शिक्षण प्रविधियों का पता लगाना।
- छात्रों के मतानुसार सबसे रुचिकर व बोधगम्य शिक्षण प्रविधि का पता लगाना।
- उपयुक्त शिक्षण प्रविधि का पता लगाना और उसमें आवश्यक सुधार करना।

अध्ययन हेतु शिक्षक एवं विद्यार्थी को केन्द्र में रखकर शिक्षण प्रविधि की व्याख्या की गयी है क्योंकि प्रभावकारी विधि वही है जो छात्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हो। अर्थात् विद्यार्थी को छोड़कर उचित शिक्षण प्रविधि का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

कक्षाध्यापन के दौरान अपनायी गयीं विधियों और उसका छात्रों पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर ही प्रविधियों तथा अनुभवों की विवेचना की जा रही है।

- कक्षाध्यापन हेतु अधिकतम व्याख्यान विधि का प्रयोग किया गया है; साथ ही समय-समय पर समूह चर्चा, व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण, ब्रेन स्ट्रोमिंग रोल प्ले, केस स्टडी, तथा गृह कार्य विधियों का प्रयोग किया गया है।
- व्यावसायिक संप्रेषण, व्यावसायिक अर्थशास्त्र एवं व्यावसायिक पर्यावरण के प्रश्न पत्रों में व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण एवं समूह चर्चा छात्रों द्वारा कक्षाध्यापन में प्रयोग किया जाता है।
- ब्रेन स्ट्रोमिंग, रोल प्ले तथा केस स्टडी छात्रों द्वारा व्यावसायिक नियामक ढाँचा एवं उच्चतर अंकेक्षण के प्रश्न पत्रों में किया जाता है।
- कक्षाध्यापन हेतु श्यामपट्ट, प्रोजेक्टर, सारांश आदि सहायक सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। इन सभी में प्रोजेक्टर का प्रभाव सबसे अधिक विश्वविद्यालय पूर्व परीक्षा में मूल्यांकन करने के पश्चात दिखाई पड़ा है।
- सारांश निर्माण में कुछ समस्याएँ हैं। कुछ प्रश्न पत्र ऐसे हैं जिनमें विस्तृत विवरण की आवश्यकता है; उदाहरणार्थ- व्यावसायिक नियामक ढाँचा एवं उच्चतर अंकेक्षण।
- छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु समय-समय पर छात्रों को महाविद्यालय में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया

जाता है।

- पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु समसामयिक घटनाओं के माध्यम से (जैसे- प्याज, सोना, डॉलर की कीमत वृद्धि आदि उदाहरणों से)छात्रों को समझाने का प्रयास किया गया है।
- उपस्थिति पंजिका के प्रयोग में कोई विशेष समस्या नहीं है।
- वर्तमान कक्षाध्यापन प्रविधि में सुधार लाने की दिशा में प्रोजेक्टर के प्रयोग से व्याख्यान को और प्रभावकारी बनाना है तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बढ़ावा देना है।
- कुछ अपवादों को छोड़कर अनुशासन सम्बन्धी समस्या नहीं है।
- कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता- देश, समाज, परिवार, संस्कृति, जीवन मूल्यों से सम्बन्धित पर्याप्त चर्चा की जाती है।

उच्च शिक्षा के वर्तमान परिदृश्य में सीमित संसाधनों के युक्तियुक्त प्रयोग द्वारा उत्पादकता में वृद्धि करना ही सही अर्थों में शिक्षकत्व का परिचायक है।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

पुरुषोत्तम पाण्डेय*

आज की इस कार्यशाला में जब हम इस बात पर चर्चा करने के लिए मौजूद हैं कि शिक्षक तथा कक्षा पढ़ाने वाले व्यक्ति में क्या अन्तर है या एक शिक्षक की भूमिका में होते हुए हम कक्षा में अपनी अपरिहार्यता कैसे सिद्ध करें जबकि पहले की तुलना में अब सारी चीजें सुलभ हैं। ऊपर से यह भी तय है कि उच्च शिक्षा की इस स्ववित्तपोषित व्यवस्था के अन्तर्गत ही उपर्युक्त विषय के साथ न्यायपूर्ण निर्णय लेना है।

5. पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु कक्षाध्यापन प्रारम्भ करने से पहले कुछ मिनट विगत कक्षा के सन्दर्भ में सामूहिक चर्चा की जाय। छात्र का विषय निर्धारण प्रवेष्ठा के समय ही हो जाय।
6. कक्षा में उपस्थिति पंजिका आवष्ठयक है, उसे कक्षा में भरवाना ही चाहिए। संख्या अधिक होने पर एक कागज पर हस्ताक्षर करा लिया जाय।
7. **वर्तमान कक्षाध्यापन में अनुभव आधारित सुधार**- सारांष्ठा निर्माण, ष्ठिलापट्ट का प्रयोग, प्रोजेक्टर आदि सभी सहायक सामग्रियों का आवष्ठयकतानुसार मिश्रित रूप से प्रयोग कर कक्षाध्यापन को गुणवत्तापरक बनाया जा सकता है।

कक्षाध्यापन के दौरान ष्ठिक्षक को विद्यार्थियों की आँखों में आँख डालकर अपनी बात करनी चाहिए। एक सुझाव मेरे द्वारा यह भी है कि कक्षाध्यापन को प्रभावी बनाने हेतु देष्ठा-विदेष्ठा के ख्यातिलब्ध ष्ठिक्षकों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर या समयाभाव की दष्ठा में वीडियो कांफ्रेंसिंग से उनके सुझाव लिये जा सकते हैं।

9. **अनुष्ठासन**- अनुष्ठासन किसी भी देष्ठा, समाज, संस्था को महान बनाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। परन्तु ष्ठिक्षण संस्थाओं में अनुष्ठासन स्थापित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। इसमें छात्र-छात्राओं को कक्षा के दौरान या उसके उपरान्त महाविद्यालय में अनुष्ठासनात्मक परामर्ष्ठा समय-समय पर देना चाहिए।
10. **कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता**- महाविद्यालय परिसर संस्कष्ठि, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देष्ठा-समाज आदि से सम्बन्धित अनौपचारिक बातों की चर्चा छात्रों से कक्षाध्यापन के दौरान प्रसंग आने पर समय-समय पर की जानी चाहिए।

इन सभी पहलुओं पर ध्यान देकर ष्ठिक्षण प्रविधि में सुधार एवं कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाया जा सकता है। परन्तु आज जब यह स्थिति है कि एक कक्षा में एक चौथाई छात्र ही उपस्थित रहते हैं और वह भी एक दिन आने वाला विद्यार्थी दूसरे दिन बदल जाता है, तब यह ष्ठिक्षण तकनीक कितना प्रभाव डाल पायेगी यह आने वाला समय ही बतायेगा।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

श्रीकान्त मणि त्रिपाठी*

शिक्षण प्रविधि-

हमारी शिक्षण प्रविधि विशेषत: छात्र के मानसिक स्तर (Mental level) पर केन्द्रित रहती है कि यदि मैं (स्नातक का) छात्र होता तो अपने शिक्षक से क्या अपेक्षा रखता - कि वे किस तरह विषय-वस्तु समझाएँ; अर्थात् अपने आप को शिक्षक न मानकर एक छात्र के रूप में अपने विषय में आने वाली परेशानियों का अनुभव करते हुए छात्र-छात्राओं को समझना मेरी शिक्षण प्रविधि का मुख्य केन्द्र रहता है। छात्रों की समस्या, अपने पूर्व वर्षों के अनुभव के आधार पर एवं आपस में बातचीत के माध्यम से जानकारी लेकर और उसका विशलेषण करके उसका समाधान (Solution) कक्षा के माध्यम से छात्रों को संप्रेषित कर दिया जाता है।

हमारी शिक्षण प्रविधि दो विषयों पर केन्द्रित होती है- 1. छात्र, 2. पाठ्यक्रम।

छात्र विषय की चर्चा हो चुकी है। पाठ्यक्रम हमारी शिक्षण प्रविधि का महत्त्वपूर्ण अंग होता है जिसकी शुरुआत पाठयोजना बनाते समय होती है। पाठयोजना बनाते समय हम पूरे पाठ्यक्रम का विशलेषण (Analysis) करते हैं कि पाठ्यक्रम में कौन-कौन से आसान अध्याय (Chapter) हैं जिन्हें बच्चे आसानी से समझ सकते हैं, उन अध्यायों को जुलाई से अक्टूबर तक की पाठयोजना में लगा दिया जाता है। तब कठिन और अधिक समय लेने वाले अध्यायों को नवम्बर से जनवरी तक की पाठयोजना में लगाया जाता है। हम इस विषय पर लगातार विशलेषण करते रहते हैं कि कठिन अध्यायों को समझाने के लिए आसान तरीकों का प्रयोग किया जाय। फरवरी माह में हमारी पूरी कक्षा विशवविद्यालय परीक्षा प्रशन-पत्रों पर केन्द्रित होती है। इस माह में छात्रों को विशवविद्यालय परीक्षा प्रशन-पत्रों में आने वाले प्रशनों को ठीक से समझ कर उत्तर देने की कला पर ध्यानाकर्षित किया जाता है।

*प्रभारी-गणित विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

सारांश का प्रभाव (Impact of Summary)-

पूर्व के वर्षों में सारांश का उपयोग नहीं किया जाता था। कक्षा शुरू करने से पहले हम छात्रों को बताते थे कि आज कक्षा में क्या-क्या पढ़ना है। परन्तु वर्तमान शिक्षण प्रविधि के अन्तर्गत कक्षाध्यापन के दौरान पहले हम छात्रों को सारांश, जो कि एक लिखित विषय-सामग्री (matter) के रूप में है, वितरित कर देते हैं जिससे छात्रों को विषय-वस्तु समझने में तथा पाठ्यक्रम योजना को लगभग पूर्णत: सुचारु रूप से चलाने में हमें मदद मिली। जब सारांश का उपयोग नहीं होता था तब हमारी प्रतिदिन कक्षा में प्रशन हल करने का औसत तीन से चार रहता था, परन्तु सारांश लागू होने से इसकी संख्या बढ़ी है।

Impact of Power-Point Class-

Impact of Power-Point Class ने गणित के कठिन अध्यायों (Geometry) को आसानी से समझाने में हमारी मदद की। रेखागणित के कठिन आरेख (figures) जैसे द्वि-विमीय (2-dimension) या त्रि-विमीय (3-dimension) को श्यामपट्ट के माध्यम से समझाना बहुत ही कठिन होता था। परन्तु प्रोजेक्टर के प्रयोग से इन मापों (dimensions) को छात्रों को समझाने में अधिक सुविधा हुई। इस वर्ष एक नयी शिक्षण प्रविधि का विकास हुआ। हमारा प्रयास यही है कि इससे और बेहतर परिणाम सामने आये।

सारांश (Summary)-

सारांश निर्माण में सर्वप्रथम पाठयोजना को देखते हैं कि कक्षा में क्या पढ़ाना है। तब उस विषय को पूर्व की कक्षा में पढ़ाये गये विषय से जोड़ते हुए महत्त्वपूर्ण बिन्दु अंकित करके सारांश का निर्माण करते हैं। यदि प्रशन-पत्र रेखागणित (Geometry) का है तो आरेख (figures) के साथ सारांश का निर्माण किया जाता है। यदि प्रशन-पत्र आंकिक

विष्ठलेषण (Numerical analysis) का है तो एक प्रष्ठन हल करते हैं तथा उसी पर आधारित प्रष्ठन कक्षा में पढ़ाते हैं। इस तरह सारांष्ठा निर्माण किया जाता है। परन्तु सारांष्ठा निर्माण के दौरान, सारांष्ठा को रोचक एवं सुग्राह्य बनाने पर पूर्णतः ध्यान दिया जाता है।

छात्रों की छिपी प्रतिभा का प्रस्फुटन (To find internal quality of students)–

कक्षा के दौरान छात्रों को समझाने के बाद उनसे पूछा जाता है कि वे अपनी समस्याएँ बताएँ, या इस विषय पर छात्रों से वार्ता करते हैं। इसी दौरान हम यह भी पता लगाते हैं कि उनकी रुचि किस विषय में है, उनकी अपनी अभिरुचि क्या है?

अनुष्ठासन–

कक्षा को ठीक से चलाने के लिए अनुष्ठासन का होना अत्यावष्यक है। अतः हम स्वयं अनुष्ठासित तरीके से कक्षा में जाते हैं, उपस्थिति लेते हैं। कक्षा में प्रतिदिन एक से दो मिनट जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार पर चर्चा भी करते हैं। यदि कोई छात्र कक्षा में अनुष्ठासनहीनता बरतता है तो कक्षा के दौरान उसकी उपेक्षा करते हैं परन्तु कक्षा समाप्त होने के बाद व्यक्तिगत तौर पर उससे बातचीत करके उसे आग्रहपूर्वक समझाते हैं कि कक्षा में उसका व्यवहार अनुष्ठासनहीनता का था तथा भविष्य में इस तरह का व्यवहार वह कक्षा में न करे।

वर्तमान ष्ठिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

मनीता सिंह*

भूमिका–

आधुनिक ष्ठिक्षण संस्थाओं में ष्ठिक्षक बनने के लिए विषय की मर्मज्ञता, स्वयं के व्यक्तित्व के प्रति तन्मयता व विषय के प्रति आत्मिक होना नितान्त आवष्ठयक है। इन गुणों के अभाव में ष्ठिक्षक एक कक्षा पढ़ाने वाला मात्र बनकर रह जायेगा।

वर्तमान में ष्ठिक्षण कार्य यांत्रिकी सहायता से किया जाता है। परन्तु यंत्र ष्ठिक्षक का स्थान नहीं ले सकता क्योंकि यंत्र में न तो आत्मा होती है और न ही संवेदना। इस प्रकार मैं अपने अनुभव के आधार पर कह सकती हूँ कि ष्ठिक्षण कार्य व प्रयोगष्ठाला दोनों ही ष्ठिक्षक के बिना सम्भव नहीं है।

मेरे इस प्रपत्र में अपने अनुभव व कक्षा के दौरान किये गये प्रयोग निम्नांकित आयामों द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे हैं–

कक्षाध्यापन की विधि– कक्षाध्यापन की अनेक विधियाँ होती हैं। सर्वप्रथम पहले दिन विद्यार्थियों को जो भी खण्ड पढ़ाया जाना था, उसके सभी ष्ठीर्षकों को मैंने पूर्व कक्षाओं में पढ़ाये गये विषय-वस्तु से जोड़ते हुए ष्ठीर्षकों का संक्षेप में परिचय दिया, ताकि विद्यार्थी उपर्युक्त खण्ड को पढ़ने के लिए मानसिक रूप से तैयार हो जाय। मेरे द्वारा विद्यार्थियों को संक्षेप में बताये गये ष्ठीर्षकों को घर से पढ़कर आने के लिए प्रेरित किया गया। फलस्वरूप दूसरे दिन उक्त खण्ड के एक ष्ठीर्षक को ष्ठिक्षण कार्य हेतु लेकर विद्यार्थियों से प्रष्ठनोत्तर के माध्यम से पूरे ष्ठीर्षक को मेरे द्वारा व्यापक रूप में समझाया गया। इसी क्रम में उक्त खण्ड के सभी ष्ठीर्षकों को पढ़ाया गया।

पुनः अन्य खण्डों को पढ़ाने के लिए भी उपर्युक्त विधि

*प्रभारी-भौतिक विज्ञान विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

अपनायी गयी, जैसे पहले दिन चुने गये खण्ड के सभी ष्ठीर्षकों का संक्षेप में परिचय देना तथा दूसरे दिन से एक-एक ष्ठीर्षक को मेरे द्वारा विद्यार्थियों की सहायता से व्यापक रूप में कक्षा में समझाया गया जिससे छात्र विषय-वस्तु को ग्रहण कर सकें।

कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री-ष्ठिलापट्ट, प्रोजेक्टर, सारांष्ठा इत्यादि का उपयोग, विधि एवं प्रभाव-

मुझे सहायक सामग्री के रूप में ष्ठिलापट्ट, प्रोजेक्टर व सारांष्ठा से कक्षा पढ़ाने में बहुत सहयोग मिला। मेरे द्वारा निर्मित सारांष्ठा प्रतिदिन विद्यार्थियों को पाठ्ययोजना के अनुसार दिया गया। बिना सारांष्ठा दिये विद्यार्थी की वर्तनी में सुधार पिछले सत्र में कम हो पाता था परन्तु इस सत्र में यह सुधार देखने को मिला है। सारांष्ठा से कक्षा पढ़ाने में समय भी कम लगता है, जिससे विद्यार्थियों को विषय-वस्तु से सम्बन्धित परीक्षा में पूछे जाने वाले अन्य ष्ठीर्षकों को भी बताया गया।

प्रोजेक्टर के द्वारा कक्षा को रोचक तरीके से पढ़ाया गया। जो चित्र ष्ठिलापट्ट पर बनाना मेरे लिए सम्भव नहीं था उसे प्रोजेक्टर से विद्यार्थियों को दिखाते हुए कक्षा पढ़ाने में मुझे बहुत ही सुविधा हुई। मैंने सबसे अधिक प्रोजेक्टर का उपयोग फरवरी माह में विषय-वस्तु की पुनरावष्ति में किया। इसके लिए मैंने किसी एक खण्ड के सभी ष्ठीर्षकों को लिया, उस खण्ड से विष्ठवविद्यालय परीक्षा में आने वाले प्रष्ठनों तथा उनका हल कितना और कैसे दिया जा सकता है, मेरे द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया। इस प्रकार एक घण्टी (अर्थात् 50 मिनट) में विद्यार्थी एक पूरे खण्ड को पढ़ लेता है तथा उसे प्रष्ठनों के उत्तर कैसे देना है यह भी सीख लेता है।

सारांष्ठा निर्माण विधि-

मेरे द्वारा सारांष्ठा का निर्माण पाठ्ययोजना के अनुसार किया गया और उसे प्रतिदिन विद्यार्थियों को विषय से सम्बन्धित पाठ्ययोजना के अनुसार दिया गया। मैं सारांष्ठा इस प्रकार बनाती हूँ कि व्याख्यान की मुख्य विषय-वस्तु सारांष्ठा में आ जाय और जो कुछ बीच-बीच में छूटा है उसे

मैं पढ़ाते समय ष्ठिलापट्ट की सहायता से विस्तष्त रूप में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करती हूँ।

विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास के तरीके-

विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को जानने का सबसे अच्छा तरीका प्रष्ठनोत्तर विधि है जिससे मैं विद्यार्थियों से पढ़ायी हुई विषय-वस्तु से सम्बन्धित प्रष्ठन पूछती हूँ, और वे उसका उत्तर देते हैं। विद्यार्थियों के उत्तर देने से उनकी प्रतिभा का पता चलता है। प्रयोगष्ठाला में प्रयोग के दौरान भी विद्यार्थियों की अनेक प्रतिभाएँ उभरकर सामने आयी हैं। विद्यार्थियों द्वारा कक्षाध्यापन के दौरान पूछे जाने वाले प्रष्ठनों से भी उनकी छिपी प्रतिभा प्रस्फुटित होती है।

पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन के बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु प्रयास-

आधुनिक ष्ठिक्षण विधि में मैंने ष्ठयामपट्ट के साथ-साथ प्रोजेक्टर, चार्ट, मॉडल, सारांष्ठा व विषय-वस्तु से सम्बन्धित वास्तविक उपकरण (जैसे- लेजर, दोलन आदि) के द्वारा कक्षा को बोधगम्य एवं रुचिकर ढंग से पढ़ाया। उदाहरणार्थ- मेरे द्वारा लेजर पर एक घण्टी का व्याख्यान ष्ठयामपट्ट के साथ-साथ प्रोजेक्टर, सारांष्ठा व लेजर उपकरण का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाया गया। इस प्रकार मेरा मूल उद्देष्ठय, पढ़ायी गयी विषय-वस्तु विद्यार्थियों को समझ में आ जाय, लगभग पूरा होता है।

अनुष्ठासन एवं उपस्थिति पंजिका का प्रयोग-

मेरा मानना है कि विद्यार्थी स्वयं अनुष्ठासित हों इसके लिए प्रत्यक्ष प्रमाण हम स्वयं बनें। इसी क्रम में मैं भी कक्षा में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत होती हूँ, और उपस्थिति पंजिका में विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करती हूँ। बी.एस-सी. भाग-एक में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण उनकी उपस्थिति मेरे द्वारा रोल नम्बर से दर्ज की गयी। बी. एस-सी. भाग-दो एवं भाग-तीन में विद्यार्थियों की उपस्थिति उनके नाम से दर्ज की गयी। उपस्थिति दर्ज करना मेरे लिए कोई समस्या नहीं है।

कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता; यथा- महाविद्यालय परिसर संस्कष्ठि, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देष्ठा-समाज आदि -

कक्षा पढ़ाते समय महाविद्यालय परिसर संस्कष्ठि, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार व देष्ठा-समाज से सम्बन्धित अगर कोई विषय आता है तो उसके सन्दर्भ में विद्यार्थियों से यथासम्भव चर्चा की गयी।

इस सत्र में भौतिकी प्रयोगष्ठाला 16 अगस्त 2013 से प्रारम्भ होकर 13 फरवरी 2014 तक नियमानुसार सुचारु रूप से संचालित हुई। स्नातक के छात्र/छात्राओं के लिए भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से **'मानव जीवन के विकास में भौतिक विज्ञान का महत्त्व'** विषयक एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी 20 दिसम्बर 2013 को महाविद्यालय परिसर में ही सम्पन्न हुई जिसमें स्नातक प्रथम, द्वितीय व तष्ठीय वर्ष के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपने विषय-वस्तु को प्रस्तुत किया।

अनुभव आधारित सुझाव व समस्याएँ-

1. विद्यार्थियों को पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, इसके लिए विद्यार्थियों को पढ़ायी गयी विषय-वस्तु से सम्बन्धित कुछ ष्ठीर्षक अथवा विष्ठवविद्यालय परीक्षा में आने वाले प्रष्ठनों को गष्ठ कार्य हेतु देना तथा अगले दिन दिये गये गष्ठ कार्य का निरीक्षण करना।
2. प्रतिवर्ष विद्यार्थी के लिए विषयवार सैद्धान्तिक व प्रायोगिक कक्षाओं के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाना चाहिए।
3. भौतिकी प्रयोगष्ठाला में ष्ठिक्षक के लिए विद्यार्थियों को अलग-अलग प्रयोग कराना बहुत ही कठिन हो जाता है।
4. विद्यार्थियों द्वारा प्रयोग करते समय इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण ज्यादातर खराब हो जाते हैं, और समय पर ठीक नहीं हो पाते जिससे प्रयोग में बाधा आती है। मेरा सुझाव है कि महाविद्यालय में एक इलेक्ट्रीष्ठियन की व्यवस्था यथासमय की जाय।

वर्तमान ष्ठिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

सुबोध कुमार मिश्र*

तीव्र परिवर्तनष्ठील आज के इस भौतिकवादी समाज में प्रतिक्षण नित नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। खेलकूद का क्षेत्र हो या राजनीति का, मनोरंजन का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य का, हमारी रोज की जीवनचर्या हो अथवा ष्ठिक्षा का, सभी क्षेत्रों में रोज नयी-नयी तकनीकें समावेष्ठित हो रही हैं। ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम अपनी सांस्कष्ठिक एवं पूज्य पारम्परिक सांस्कष्ठिक विरासतों को खुद में सहेजते हुए इन नयी-नयी प्रविधियों एवं तकनीकों को अपने जीवन में न सिर्फ आत्मसात करें, प्रत्युत भावी पीढ़ी तक इस परम्परा का संवहन भी करें। हम अपनी भावी पीढ़ी को न सिर्फ इस भौतिकवाद के अंधी दौड़ में दौड़ने से बचाएँ, अपितु किस प्रकार से अपनी सांस्कष्ठिक थाती एवं जीवन मूल्यों को सँजोए रखा जाए, इसकी ष्ठिक्षा भी दें।

वर्तमान ष्ठिक्षा प्रणाली आज पूर्णरूपेण व्यावसायिक एवं बाजारवाद से ग्रस्त हो चली है। एक समय था जब गुरु अपने ष्ठिष्य को समाज का श्रेष्ठ नागरिक बनाने के साथ-साथ उसे स्वावलम्बन एवं नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए आत्मनिर्भरता की ओर ले जाता था, वहीं आज का ष्ठिक्षक अपने छात्र को सिर्फ किताबी ज्ञान प्रदान कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ ले रहा है। प्राचीन काल में गुरुओं द्वारा दी गयी इस मूल्य एवं संस्कारपरक ष्ठिक्षा का उद्देष्ठय **'सा विद्या या विमुक्तये'** था; अर्थात् गुरु अपने ष्ठिष्य को ष्ठिक्षा के माध्यम से तमाम चारित्रिक दुर्गुणों अर्थात् काम, क्रोध, मद, लोभ व मोह से दूर कर उसकी मुक्ति का मार्ग प्रष्ठास्त करता था, जबकि आज का ष्ठिक्षक उस प्राचीन ष्ठिक्षा के उद्देष्ठय को बदलकर उसे 'सा विद्या या नियुक्तये' कर चुका है। आज का छात्र

*प्रवक्ता-प्राचीन इतिहास पुरातत्त्व एवं संस्कष्ठि विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

येने-केन-प्रकारेण आधी-अधूरी तथा गुण-दोषयुक्त शिक्षा को ग्रहण कर जल्द से जल्द अर्थार्जन की ओर उन्मुख होकर उन तमाम दोषों की ओर आकृष्ट होता चला जा रहा है, जिन दोषों से हमारी प्राचीन शिक्षा हमें दूर रखने का उद्देश्य रखती थी।

प्राचीन काल में गुरु सिर्फ शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं होता था। वह अपने चारित्रिक एवं नैतिक बल पर विद्यार्थी को उसकी मनोवृत्ति के अनुकूल गढ़ सकने में समर्थ था। जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी के गुण को पहचानकर उसे उसके गुणानुरूप आकार देता है, ठीक उसी प्रकार गुरु भी विद्यार्थी के अन्दर छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का यथासम्भव प्रयास करता था। एक आज का समय है जब शिक्षक कक्षाओं में जाकर खुद नैतिक, संस्कारी और सदाचारी न होते हुए भी छात्रों को संस्कार और नैतिकता का पाठ पढ़ाता है। ऐसे समय में अधिकांश शिक्षण संस्थाओं की ऐसी दशा देखकर जब एक स्ववित्तपोषित महाविद्यालय का एक सुधी प्राचार्य यह कह रहा हो कि- कक्षाओं में आज शिक्षक की भूमिका किस रूप में है, है भी अथवा नहीं और यदि है तो क्यों? तो यह विचारणीय मुद्दा तो है ही।

यह प्रश्न अकारण नहीं है। यह प्रश्न आज के दौर के भौतिकतावादी और मौलिकताविहीन शिक्षण तकनीक पर अतिशय आश्रित शिक्षक की मौलिक गुणवत्ता पर प्रश्न-चिह्न है। यह प्रश्न-चिह्न आज के शिक्षक पर तब तक बना रहेगा जबतक कि वह अपने आपको मात्र कक्षा पढ़ाने वाला नहीं अपितु 'कुछ और' न सिद्ध कर दे।

अब आते हैं इस कार्यशाला के अगले हिस्से अर्थात् जिस पद्धति से हम कक्षाध्यापन करते हैं, और उस दौरान हुए हमारे अनुभव पर।

जहाँ तक कक्षाध्यापन विधि का प्रश्न है तो शिक्षण में कक्षाध्यापन विधि का महत्त्वपूर्ण स्थान है। मैं कक्षा में कक्षाध्यापन की भिन्न-भिन्न विधियों यथा- व्याख्यान विधि, प्रश्नोत्तर विधि, व्यक्तिशः तथा समूह प्रश्न विधि, समूह परिचर्चा विधि तथा परियोजना कार्य विधि का प्रयोग

करता हूँ। मुख्यतः मेरे व्याख्यान का प्रारम्भ पिछले दिन समाप्त किये गये प्रकरण पर आधारित प्रश्न पूछने से होता है। तत्पश्चात एक दिन पूर्व में दिये गये व्याख्यान को दो से तीन मिनट में संक्षिप्त रूप से बताते हुए उसे वर्तमान दिवस के व्याख्यान से सम्बद्ध करता हूँ। इससे विद्यार्थियों में विषय और प्रकरण सम्बन्धी तारतम्यता बनी रहती है। इस विधि से उन विद्यार्थियों को भी कुछ लाभ हो जाता है जो किसी कारणवश पिछली कक्षा में अनुपस्थित थे।

कक्षा को ठीक ढंग से संचालित करने हेतु मैं प्रकरणानुरूप सहायक सामग्रियों यथा- चाक, डस्टर, शिलापट्ट, प्रोजेक्टर, छायाचित्र, मानचित्र आदि का भरपूर प्रयोग करता हूँ। प्रायः मैं यह अनुभव करता हूँ कि जिस दिन छायाचित्र, मानचित्र और प्रोजेक्टर आदि का प्रयोग कक्षाध्यापन के दौरान करता हूँ, उस दिन विद्यार्थी प्रकरण व व्याख्यान को रुचिपूर्वक ग्रहण करते हैं। कक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति लेने के पश्चात मैं दिये जाने वाले व्याख्यान से सम्बन्धित सारांश की छायाप्रति वितरित कर देता हूँ। तत्पश्चात बच्चों से सारांश को पलट कर एक ओर रखने तथा व्याख्यान को भली प्रकार सुनने के साथ ही महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को नोट करते जाने का निर्देश देता हूँ। इस प्रकार व्याख्यान के अन्त में छात्रों के पास सुना हुआ व्याख्यान, दिया गया सारांश और उनके खुद के द्वारा नोट किये गये महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन हो जाता है। तत्पश्चात इन तीनों चीजों के आधार पर मैं छात्रों को प्रश्नों का उत्तर लिखकर लाने को कहता हूँ और छात्र अपेक्षाकृत बेहतर उत्तर लिखकर लाते हैं। इस विधि का सकारात्मक परिणाम मुझे कक्षा में देखने को मिला है।

निस्सन्देह दिये जाने वाले व्याख्यान का सारांश विद्यार्थियों में वितरित करना अति लाभप्रद सिद्ध हुआ है। प्रत्येक सारांश बनाते समय मैंने यथासम्भव दो या दो से अधिक स्तरीय पुस्तकों का अध्ययन किया। इस बात का यथासम्भव प्रयास किया कि व्याख्यान का कोई भी महत्त्वपूर्ण बिन्दु सारांश में छूट न जाय। यद्यपि कि 90% से अधिक

विद्यार्थी सारांष्ठा को लेकर उत्साहित दिखे और सारांष्ठा का प्रयोग अच्छी प्रकार से किये, तथापि 10% विद्यार्थियों को सारांष्ठा कैसे पढ़ना चाहिए यह सिखाना अभी ष्ठेष है। सारांष्ठा तैयार कर उसे कक्षा में वितरित करने से छात्रों के साथ-साथ मुझे भी लाभ हो रहा है ऐसा मेरा अनुभव है।

जहाँ तक विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास का प्रष्ठन है, तो महाविद्यालय अपने स्थापना वर्ष से ही इस दिष्ठा में सक्रिय एवं सचेष्ट है। सप्ताह में एक बार छात्र कक्षाध्यापन, विभागसह व्याख्यान प्रतियोगिता, खेलकूद तथा अन्य क्रिया-कलापों के माध्यम से अनवरत छात्र/छात्राओं में छिपी प्रतिभा एवं मौलिकता के प्रस्फुटन की दिष्ठा में मैं भी प्रयासरत रहता हूँ। साथ ही साथ मैं समय-समय पर बच्चों को मानसिक रूप से भी प्रोत्साहित करता रहता हूँ तथा उनमें आत्मविष्ठवास जगाने का पूरा-पूरा प्रयास करता हूँ।

पाठ्य सामग्री जब तक रुचिकर और मनोनुकूल न हो, कक्षा में वह विद्यार्थियों के लिए बोधगम्य और ग्राह्य नहीं हो सकती है। मैं अपनी कक्षा को रुचिकर बनाने का यथासम्भव प्रयास करता हूँ। चूँकि मेरा विषय इतिहास है, अत: कभी-कभी प्रकरणानुकूल विद्यार्थियों को ऐतिहासिक दंतकथाएँ भी सुनाता हूँ। साथ ही साथ पाठ्य सामग्री की जटिलता और कभी-कभी जब अतिष्ठाय गम्भीरता विद्यार्थियों पर हावी होने लगती है तो हल्का-फुल्का संयमयुक्त हास-परिहास का वातावरण भी प्रदान करता हूँ जिससे छात्र पुन: तरो-ताजा हो जाते हैं। प्रकरणों को ठीक से समझाने के लिए कभी-कभी देष्ठाज अर्थात् भोजपुरी भाषा का भी प्रयोग करता हूँ। चूँकि अधिकांष्ठा विद्यार्थी ग्रामीण परिवेष्ठा के हैं, अत: उनकी भाषा में दिये गये उदाहरणों को वे आसानी से समझ लेते हैं। पाठ्य सामग्री को रुचिकर बनाने हेतु सरल व व्यावहारिक उदाहरण देने के साथ ही लोकोक्तियों तथा मुहावरों का भी प्रयोग करता हूँ।

विद्यार्थियों में इतिहास विषय के प्रति रुचि पैदा करने के लिए मैंने एक प्रयोग भी किया है। मैंने बच्चों को उनके गाँव के सामाजिक, सांस्कष्तिक व आर्थिक इतिहास को ठीक-ठीक प्रकार से जानने के लिए

गाँव के ही बड़े-बुजुर्गों से बातचीत करने को प्रेरित किया। फलस्वरूप बच्चों ने तमाम सामाजिक बिन्दुओं यथा- पहले हमारा गाँव कैसा दिखता था, गाँव में ष्ठादी-विवाह कैसे होता था, लोग कैसे परिधान पहनते थे, लोगों का आचार-व्यवहार कैसा था, संसाधन कैसे-कैसे होते थे, किसी विवाद का निपटारा कैसे होता था, आदि पर गाँव के बुजुर्गों से औपचारिक वार्ता की। जब बच्चों ने बुजुर्गों से प्राप्त इन तमाम प्रष्ठनों के उत्तर और वर्तमान में हुए सामाजिक-सांस्कष्तिक परिवर्तनों के परिप्रेक्ष्य में तुलनात्मक ढंग से विचार किया तब उन्हें अच्छी तरह से समझ में आ गया।

इस प्रकार मेरी पूरी कोष्ठिष्ठा रहती है कि पाठ्य सामग्री को अधिक से अधिक रुचिकर बनाया जाय जिससे कि विद्यार्थी व्याख्यान को अच्छी तरह से समझ सकें।

उपस्थिति पंजिका में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति लेना कक्षाध्यापन का ही एक भाग है। मैं कक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति उनके नाम से पुकारता हूँ। अभी तक मुझे इसमें किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई है। यद्यपि कि मेरी कक्षा (स्नातक प्रथम वर्ष) में 130 से ज्यादा विद्यार्थी हैं।

मैं अपनी कक्षा में अनुष्ठासन पर विष्ठेष ध्यान देता हूँ तथा यथासम्भव प्रयास करता हूँ कि मैं खुद भी अनुष्ठासित रहूँ। छात्रों की उपस्थिति लेने के पष्ठचात मैं किसी भी दष्ठा में छूटे हुए विद्यार्थियों की उपस्थिति न तो लेता हूँ और न ही उन्हें कक्षा में प्रवेष्ठा की अनुमति देता हूँ। यदा-कदा अनुष्ठासनहीनता बरतने वाले छात्रों को दण्डस्वरूप कक्षा से बाहर निष्कासित कर देता हूँ।

चूँकि मेरा विषय देष्ठा, समाज, परिवेष्ठा एवं संस्कष्ति से अभिन्न रूप से सम्बद्ध है, अत: कक्षाध्यापन के दौरान प्राय: संस्कष्ति, जीवन-मूल्य, आचरण, नैतिकता, सदाचार व देष्ठा-समाज के सन्दर्भ में छात्रों से प्रकरणानुरूप अनौपचारिक वार्ता भी करता रहता हूँ।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

सुभाष कुमार गुप्ता*

आज का युग विज्ञान का युग है, जिसके कारण अनेक शैक्षिक तकनीकी का विकास हुआ है। वर्तमान परिदृश्य में एक ऐसी शिक्षण प्रविधि का प्रयोग किया जा रहा है जो शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध हो सके। यह प्रविधि एक ऐसी तकनीकी है जो परम्परागत शिक्षण कला को नये रूप में प्रस्तुत करता है। आज के समय में शिक्षक को जितना ही ज्यादा पढ़ने-पढ़ाने का अनुभव होगा उतना ही अधिक उसके व्यवहार में सुधार होगा और वह नयी-नयी शिक्षण प्रविधि का सन्धान करेगा। वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार के लिए निम्न अध्ययन किया गया है-

1. **कक्षाध्यापन की विधि**- शिक्षण प्रविधि के अन्तर्गत सबसे अधिक व्याख्यान विधि का प्रयोग किया गया है। व्याख्यान विधि के माध्यम से पढ़ाने से समय एवं श्रम की बचत होती है, साथ ही अपव्यय में भी कमी आती है।

2. **कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री- शिलापट्ट, प्रोजेक्टर, सारांश इत्यादि का उपयोग, विधिएवं प्रभाव**-

(अ) **शिलापट्ट** कक्षा शिक्षण का सबसे सस्ता परन्तु सबसे महत्त्वपूर्ण उपकरण है। आज सभी विषयों के शिक्षण में शिलापट्ट की आवश्यकता पड़ती है। शिलापट्ट के प्रयोग से छात्र कान से सुनने के साथ-साथ आँख से देखते भी हैं। इससे ज्ञान को स्थायी बनाये रखने में मदद मिलती है। शिलापट्ट के प्रयोग से जहाँ एक ओर कक्षा के सभी छात्र शिलापट्ट पर लिखे तथ्यों, शब्दों, घटनाओं, चित्रों एवं सारांशों को सरलतापूर्वक समझ लेते हैं। शिलापट्ट के प्रयोग से शिक्षक व छात्र दोनों को लाभ होता है।

*प्रवक्ता-वाणिज्य विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

(ब) **प्रोजेक्टर**- प्रोजेक्टर एक ऐसी प्रविधि है जिके माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक बनाया जा सकता है। वर्तमान समय में कुछ व्याख्यान को पी.पी.टी. पर तैयार कर प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाया जाता है जिससे व्याख्यान और अधिक आकर्षक बन जाता है।

सुझाव- प्रोजेक्टर कक्ष को इन्वर्टर से जोड़ा जाय ताकि बीच में कोई व्यवधान न उत्पन्न हो।

(स) **सारांश**- सारांश एक नवीन शिक्षण प्रविधि है जो प्रत्येक दिन के व्याख्यान का मुख्य-मुख्य अंश सारांश में सम्मिलित कर तैयार किया जाता है। यदि हम पाठ्य योजना के माध्यम से कक्षाध्यापन करते हैं तो सारांश पाठ्य योजन में सहायता प्रदान करता है जिससे प्रत्येक दिन का व्याख्यान आसानी से समाप्त हो जाता है। सारांश विधि से पढ़ाने में शिक्षक के विषय ज्ञान में वृद्धि हुई है।

(1) सारांश निर्माण विधि- सारांश निर्माण करने से पहले किसी भी अध्याय का बहुत अच्छी तरह से अध्ययन किया जाता है। तत्पश्चात उसमें से मुख्य-मुख्य अंश सारांश में डाल दिया जाता है जिससे विद्यार्थियों को व्याख्यान समझने में आसानी हो जाती है।

(2) सारांश से नकारात्मक प्रभाव-

- सारांश विधि से समय, श्रम एवं धन का अपव्यय होता है।
- सारांश विधि से विद्यार्थियों को नुकसान होता है क्योंकि उनमें लिखने-पढ़ने की आदत में कमी हो जाती है।
- सारांश विधि से विद्यार्थियों के मासिक मूल्यांकन में क्षरण हुआ है।

3. **विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन** हेतु निम्न प्रयास किये गये हैं जो इस प्रकार हैं-

- प्रत्येक सोमवार को विद्यार्थियों से कक्षाध्यापन कराना।

- ♦ शिक्षक-शिक्षार्थी का सम्बन्ध विकसित करना।
- ♦ विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण का प्रयास करना।
- ♦ प्रश्नोत्तर विधि का सर्वाधिक उपयोग करना।

4. **पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु प्रयास**- पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने के लिए सैद्धान्तिक पहलुओं को व्यावहारिक पहलुओं में बदलकर शिक्षण पद्धति को रुचिकर बनाया गया है।

5. **कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग एवं उसमें समस्या और समाधान**-

उपादेयता- (अ) कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग करने से कक्षा में उपस्थिति एवं अनुपस्थिति का पता चल जाता है।

(ब) उपस्थिति पंजिका के प्रयोग से विद्यार्थियों के ऊपर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है।

समस्या- (अ) यदि कक्षा में एक सीमा से अधिक विद्यार्थियों की संख्या हो जाती है, तो उसमें से कुछ छात्र आपस में बातचीत करते हैं।

(ब) कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या 120-160 के बीच होने से समय एवं श्रम का ह्रास होता है साथ ही गुणवत्ता में भी कमी आती है।

समाधान- कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने पर उन्हें 'वर्ग' के अनुसार ही बैठाना चाहिए।

6. **वर्तमान कक्षाध्यापन में अनुभव आधारित सुधार**- वर्तमान कक्षाध्यापन में अनुभव आधारित सुधार के लिए निम्न प्रयास करना चाहिए-

- ♦ दृष्टय-श्रव्य सामग्री का सर्वाधिक प्रयोग करना चाहिए।
- ♦ बी.कॉम. प्रथम वर्ष के लेखाशास्त्र प्रश्नन-पत्र में कम से कम सप्ताह में पाँच व्याख्यान होना चाहिए।

- ♦ मोबाइल को कक्षा में पूर्णत: प्रतिबन्धित करना चाहिए।
- ♦ महाविद्यालय या कक्षा में अनुशासन एक सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए।

शिक्षकों की कुशलता में गुणात्मक सुधार- जिस तरह विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा में अभिवृद्धि हेतु अवसरों की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार शिक्षकों को गतिशील बनाने के लिए समय-समय पर सेमिनार, सिम्पोजियम, कॉन्फ्रेन्स कार्यशाला में सम्मिलित होने के लिए महाविद्यालय को प्रोत्साहन देना चाहिए। उन्हें उदारतापूर्वक अवसर प्रदान करना चाहिए।

- ♦ शिक्षकों को विश्वविद्यालय या अन्य महाविद्यालयों में आयोजित संगोष्ठियों या कार्यशालाओं में सम्मिलित होने के लिए आकस्मिक अवकाश लेना पड़ता है, इससे शिक्षकों की ऐसी गतिविधियों में सम्मिलित होने की रुचि समाप्तप्राय हो जाती है। मेरा मानना है कि यदि महाविद्यालय उन्हें अवसर प्रदान करें तो शिक्षकों में गुणात्मक सुधार होगा तथा इसका स्पष्ट प्रभाव शिक्षक की शिक्षण पद्धति एवं अभियोग्यता पर पड़ेगा।
- ♦ शिक्षकों को अपनी शिक्षण प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रयत्न करने चाहिए।
- ♦ बालकों का मूल्यांकन तो समय-समय पर होता है, परन्तु शिक्षक का मूल्यांकन प्रतिदिन एवं प्रतिक्षण होता है, शिक्षक को यह मानकर सदैव तैयार रहना चाहिए।
- ♦ शिक्षकों का वेतन उन्हें जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक है। वेतन के लिए तो प्रत्येक शिक्षक पढ़ाता है, परन्तु एक शिक्षक का कार्य मात्र वेतन के लिए नहीं होना चाहिए। शिक्षक का आत्मसम्मान ही उसका असली पारिश्रमिक है, जब किसी स्थान पर कोई छात्र यह कहता है कि अमुक शिक्षक के पढ़ाने से उसका भाग्य बदल गया, उस समय शिक्षक को मिलने वाली खुशी सबसे बड़ी होती है। अत: शिक्षकों को मात्र व्यावसायिक न बनकर व्यावहारिक बनना

चाहिए।

- सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि नित नये-नये प्रयोगों से शिक्षक और छात्र की मौलिकता कहीं समाप्त न हो जाए; वे मात्र यंत्र बनकर न रह जायें, इस बात का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इसलिए शिक्षक को यह छूट मिलनी चाहिए कि आवश्यकता पड़ने पर वह इन प्रयोगों का प्रयोग न करके अन्य प्रविधियों (चाहे वह परम्परागत प्रविधि ही क्यों न हो) का भी इस्तेमाल कर सके।

7. **अनुशासन**- महाविद्यालय में अनुशासन की कोई समस्या नहीं है, लेकिन कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या प्रायः सर्वाधिक होने के कारण कुछ विद्यार्थी आपस में बातचीत करते हैं लेकिन विशेष ध्यान देने पर उन पर नियंत्रण स्थापित कर लिया जाता है।

8. कक्षाध्यापन के दौरान प्रायः अनौपचारिक चर्चा (यथा- महाविद्यालय परिसर, संस्कृति, जीवन मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देश-समाज इत्यादि) की जाती है, ताकि विद्यार्थियों के व्यवहार में परिमार्जन हो सके।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह*

किसी भी राष्ट्र या समाज की सर्वांगीण उन्नति में उच्च शिक्षा का सबसे अहम योगदान होता है। भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख समस्या गुणवत्ता की भी है। भारत में शिक्षा क्षेत्र का एक छोटा सा भाग ही अन्तर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करता है। यूनेस्को की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 70% वयस्क निरक्षर नौ देशों में रहते हैं जिसमें सर्वाधिक 25% भारत में हैं। आज विकसित देश उच्च शिक्षा के लिए जहाँ कुल बजट का 6 से 7 प्रतिशत खर्च कर रहे हैं वहीं भारत अपनी राष्ट्रीय आय का मात्र 0.70% ही खर्च कर रहा है। इस सीमित बजट के सहारे उच्च शिक्षा का लक्ष्य पाना सम्भव नहीं है और उच्च शिक्षा का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके इसके लिए सरकार को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ ध्यान देते हुए बजट में पर्याप्त धन मुहैया कराकर इसमें सुधार करने का प्रयास करना चाहिए। इसी के साथ-साथ उच्च शिक्षा में प्रतिस्पर्द्धा, गुणवत्ता और अवसरों की समानता के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एक महत्त्वपूर्ण 'विधेयक (प्रवेश नियमन एवं संचालन) 2010' विचाराधीन है जो देर-सबेर उसको पारित होना ही है जो विदेशी शिक्षण संस्थान से सम्बन्धित है, क्योंकि यह विधेयक विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में उच्च शिक्षा संस्थान खोलने की इजाजत देने से सम्बन्धित है। देश में विदेशी संस्थानों के आने से निश्चित रूप से प्रतिस्पर्द्धा बढ़ेगी जो देशी संस्थानों के लिए भी लाभप्रद होगी और विदेशी संस्थानों के शिक्षकों, पाठ्यक्रमों, शिक्षण पद्धति और कार्य संस्कृति के आदान-प्रदान से हमारी गुणवत्ता में अवश्य ही सुधार आयेगा तथा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा का लाभ भी होगा जो देशहित में होगा। अतः शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो जो बदलते आर्थिक माहौल में काम आये, यानी नयी आर्थिक नीतियों के तहत नौकरियाँ

*प्रवक्ता-इतिहास, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

दिलाने या नया उद्यम स्थापित करने में सहयोगी हो सके।

इसी दृष्टि पर केन्द्रित शिक्षकों के अपने-अपने अनुभव पर आधारित शिक्षण प्रविधि को नित-नूतन आयाम तथा आगामी भविष्य में प्रतिस्पर्द्धा का सामना करने हेतु महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ गोरखपुर के शिक्षकों की प्रतिवर्ष की भाँति इस सत्र में भी 2 से 8 मार्च 2014 तक **"वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार"** विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला जो आयोजित की जा रही है इससे पठन-पाठन में अनवरत सुधार के साथ-साथ विशेष स्तर की अत्याधुनिक तकनीक पहुँचाने एवं महाविद्यालय परिसर एवं कक्षाओं में शिक्षकों के व्यक्तित्व निर्माण भूमिका भी रेखांकित होगी।

कक्षाध्यापन की विधि- कक्षाध्यापन के दिन मैं बच्चों (छात्र/छात्राओं) को प्रोत्साहित करता हूँ कि वे अपना सारांश ही लाकर पढ़ें, फिर बाद में वे खुलकर अपनी मर्जी से पढ़ाने के लिए तैयार हो जाते हैं। इसका कारण यह है कि छात्र/छात्राओं के साथ नरम रुख अपनाते हुए थोड़ी कड़ाई शुरू में किया गया कि यदि कक्षाध्यापन नहीं करेंगे तो परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा एवं प्रति माह बनने वाली प्रगति रिपोर्ट के आधार पर प्रवेश पत्र नहीं दिया जायेगा। कक्षा में उपस्थिति ठीक ढंग से रहे तथा कक्षाध्यापन के साथ-साथ मासिक टेस्ट में भी उनकी उपस्थिति होनी चाहिए, यदि ऐसा नहीं करेंगे तो उनके अभिभावक को टेलीफोन द्वारा कक्षाध्यापन एवं मासिक टेस्ट से पलायन के बारे में सूचित कर दिया जायेगा। प्रयोग के तौर पर इस प्रकार तीन-चार अभिभावकों को टेलीफोन से सूचित भी कर दिया गया जिसका प्रभाव पूरी कक्षा पर पड़ा और धीरे-धीरे कक्षाध्यापन की तरफ उनकी रुचि बढ़ने लगी। बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए मैं उनके अन्दर के भय को दूर करने तथा उनकी प्रतिभा को उभारने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करता रहता हूँ।

कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री श्यामपट्ट, प्रोजेक्टर, सारांश इत्यादि की उपयोग विधि एवं प्रभाव- कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री में चाक का प्रयोग प्रत्येक दिन करता था क्योंकि कठिन शब्दों

को मैं श्यामपट्ट पर लिख देता हूँ। पढ़ाते समय मैं बहुत तेज आवाज में बोलता हूँ ताकि आवाज आसानी से पीछे बैठे बच्चों तक सुनाई दे। प्रोजेक्टर पर जो लेक्चर दिया उसमें मैप तो दिया मगर किसी राजा या महापुरुष का फोटो नहीं दिखा पाया, क्योंकि सारांश मैंने बाहर से टाइप कराया था और फोटो शामिल करने पर अत्यधिक व्ययभार पड़ रहा था। प्रोजेक्टर पर लेक्चर देते समय जो सारांश देता था उसके दूसरी तरफ मुख्य बिन्दुओं की व्याख्या करते हुए नोट करवाता था, ताकि बच्चे प्रोजेक्टर को केवल चलचित्र न समझ बैठें बल्कि कलम व सादे पृष्ठ का उपयोग करें। इसका प्रभाव यह पड़ा कि सभी छात्र/छात्राएँ कलम व कापी अवश्य लिये रहते थे।

सारांश निर्माण विधि- सारांश बनाते समय अध्याय (टॉपिक) से सम्बन्धित विद्वानों का कथन व पृष्ठभूमि का उल्लेख कर देता था, पृष्ठभूमि बताने के बाद उस अध्याय के सभी शीर्षक व उपशीर्षक निकाल कर सारांश में प्रथम पृष्ठ पर लिख देता हूँ। तत्पश्चात उस शीर्षक व उपशीर्षक से सम्बन्धित पठनीय सामग्री संक्षेप में दूसरे पृष्ठ पर बोलकर लिखा देता हूँ। इससे दो फायदे होते हैं- एक तो बच्चों को कलम से प्रतिदिन लिखने की आदत बनी रहती है, दूसरे लिखने से आपस में छात्र/छात्राएँ आपस में बातचीत नहीं कर पाते हैं। एक तीसरा फायदा भी होता है कि लिखते रहने से उन्हें नींद नहीं आती। इस प्रकार संक्षेप में उनके पास दो पृष्ठ का नोट तैयार हो जाता है।

विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास के तरीके- छात्र/छात्राओं के साथ खुलकर नरम रुख अपनाते हुए उनसे किसी विषय या अध्याय पर वाद-विवाद करता हूँ तथा उनसे प्रश्न पूछकर उन्हें उत्तर देने को प्रोत्साहित करता हूँ। यदि वे जवाब नहीं दे पाते तो उन्हें किसी प्रकार से हतोत्साहित न कर समुचित उत्तर समझाकर निरन्तर विभिन्न परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों तथा उनके उत्तर लिखवा कर और मुखर करने का प्रयास करता रहता हूँ। एक समय ऐसा आता है कि वे स्वयं खुल जाते हैं और प्रश्न पूछने शुरू कर देते हैं।

कभी-कभी उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर तत्काल न देकर दूसरे दिन देकर उन्हें सन्तुष्ट करने का प्रयास करता हूँ। साथ ही विभिन्न महापुरुषों, क्रांतिकारियों, देशभक्तों के विषय में चर्चा करता रहता हूँ ताकि छात्र/छात्राओं के अन्दर देशभक्ति, राष्ट्रभक्ति के भाव पैदा होते रहें।

पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु प्रयास (उदाहरण सहित)- पाठ्य सामग्री में किताबों, नोटबुक से पढ़ने को भी सलाह देता हूँ। यदि किसी के पास किताब नहीं है तो अपने पास से हफ्ते-हफ्ते का समय बाँधकर नोट बनाने हेतु दे देता हूँ तथा जो सारांश देता हूँ उसके पिछले पृष्ठ पर संक्षेप में लिखा देता हूँ इस प्रकार दो पृष्ठ का नोट तैयार हो जाता है। मैं पूरे पाठ्यक्रम को 20 प्रश्नों के हिसाब से वर्णनात्मक एवं 20 टिप्पणी के हिसाब से बाँट लेता हूँ जिनके आधार पर निर्धारित पाठ्ययोजना पूरी कर लेता हूँ। इसी तरह परीक्षा (विश्वविद्यालय एवं पूर्व विश्वविद्यालय) के लिए प्रति प्रश्न पत्र 15 प्रश्न वर्णनात्मक व 15 टिप्पणी के प्रश्नों को महत्त्वपूर्ण मानते हुए नोट कराता रहता हूँ। दिसम्बर माह तक लगभग तीनों कक्षाओं (स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) का निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा कराने का प्रयास करता हूँ। बचे-खुचे अंश को जनवरी माह से अतिरिक्त कक्षाएँ लेकर पूर्व विश्वविद्यालय परीक्षा आते-आते पूरा करा दिया जाता है। मेरा यही प्रयास रहता है कि बच्चे हमेशा लिखने का अभ्यास करते रहें ताकि उनकी लिखने की आदत तथा लेखन शैली व लिखावट सुन्दर व प्रभावशाली बनी रहे। कक्षा को रुचिकर बनाने के लिए चुटकुलों एवं मुहावरों के माध्यमों से वातावरण को मनोरंजक एवं उद्देश्यपरक बनाने का भी प्रयास करता हूँ।

कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग एवं उसमें समस्या और समाधान- अपनी कक्षाओं में उपस्थिति लेते समय मैं सबसे पहले चेतावनी दे देता हूँ कि कोई (छात्र/छात्रा) शोर नहीं मचायेगा। यदि किसी ने शोर मचाया तो उसकी उपस्थिति दर्ज नहीं की जायेगी और नाम भी

काट दिया जायेगा। मैं नाम बुलाकर उपस्थिति लेता हूँ तथा बड़ी तेजी से बोलता जाता हूँ। जिसका नाम छूट जाता है या उपस्थिति छूट जाती है और विद्यार्थी कक्षा में मौजूद है तो मैं उसकी उपस्थिति दोबारा नहीं बोलता क्योंकि इससे आदत बन जायेगी। वैसे मैं कक्षा में घोषित कर देता हूँ कि यदि किसी की उपस्थिति दर्ज नहीं हो पायी है या छूट गयी है तो वह एक सादे कागज पर रोल नम्बर और नाम लिखकर मेरे कक्षा से जाते समय दे देगा। यदि किसी छात्र/छात्रा की इस प्रकार की प्रक्रिया लगातार बनी रहती है तो उसकी उपस्थिति बनाना बन्द कर देता है। इसका परिणाम यह होता है कि कम से कम समय में पूरी कक्षा की उपस्थिति पंजिका में दर्ज हो जाती है।

वर्तमान में कक्षाध्यापन प्रविधि में अनुभव आधारित सुधार- वर्तमान में कक्षाध्यापन प्रविधि में अनुभव आधारित सुधार के सन्दर्भ में मैं यह कहना चाहूँगा कि पी.पी.टी. द्वारा कक्षाध्यापन कराये जाने की स्थिति में अभी कम से कम यानी पाँच-पाँच व्याख्यान ही प्रत्येक प्रश्न-पत्र में रखा जाये क्योंकि इसके पीछे बहुत समय लग रहा है तथा बाहर से टाइप कराने पर आर्थिक बोझ भी अधिक पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति व जनरेटर की समस्या हमेशा बनी रहती है जिससे कक्षाध्यापन में रुकावट पैदा होती रहती है। इसके लिए मेरा यह सुझाव है कि सभी प्राध्यापकों की संख्या, विषय व संकाय के आधार पर एक-एक ग्रुप बना दिया जाये तथा सभी ग्रुपों में कम्प्यूटर चलाने हेतु एक कम्प्यूटर ऑपरेटर रखा जाये जो पी.पी.टी. हेतु हमारे सारांश, मानचित्र, फोटो आदि तैयार कर पेनड्राइव में (टाइप करके) डाल दे, इसके लिए अतिरिक्त समय नहीं लगेगा और अपने-अपने समय से सारांश पी.पी.टी. पर प्रदर्शित करते हुए उसका विस्तृत व्याख्यान दिया जा सकता है। सारांश लिखकर, मैप देकर, फोटोग्राफ इण्टरनेट से लेकर स्कैन की जिम्मेदारी कम्प्यूटर ऑपरेटर को दे दी जाये ताकि सही समय पर उपलब्ध हो जाये और उसके माध्यम से हम बच्चों को पी.पी.टी. द्वारा व्याख्यान दे सकें। वैसे तो हमें स्वयं पी.पी.टी. हेतु टाइप करना सीखना चाहिए लेकिन इसके लिए समय चाहिए। बच्चों को लिखने की

प्रवृत्ति बनाये रखने हेतु हमेशा प्रोत्साहित करते रहना चाहिए।

अनुशासन- कक्षाध्यापन के दौरान मेरी कक्षा में प्रायः सभी विद्यार्थी अनुशासित रहते हैं। क्योंकि इस हेतु मैं अपनी ओर से उन्हें हर तरह से कक्षा में अनुशासन बनाये रखने के लिए हिदायत देने के साथ ही अन्य उपाय भी इस्तेमाल करता हूँ। अपनी कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं की सूची (उनके नाम, पिता/अभिभावक का नाम, मोबाइल नम्बर आदि सहित) बनाये रखता हूँ और अनुशासनहीनता की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर उनके अभिभावकों को सूचित करने की प्रक्रिया अपनाने का भय दिखलाता हूँ। इसके अतिरिक्त उन्हें अनुशासनहीनता की स्थिति में परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र रोके जाने, परीक्षा में न बैठने देने या नाम कटवाने की चेतावनी भी देता रहता हूँ। कभी-कभी अपने स्तर से उन्हें उनकी आदतें छुड़ाने का इतर प्रयोग भी करता हूँ। वैसे कुल मिलाकर कक्षा में अनुशासन बनाये रखता हूँ।

कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता; यथा- महाविद्यालय परिसर संस्कृति, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देश-समाज आदि- कक्षाध्यापन के समय छात्र/छात्राओं से बीच-बीच में अनौपचारिक वार्ता हेतु समयानुसार अपने महाविद्यालय की स्थापना, विशेषता एवं परिसर की संस्कृति सम्बन्धी गुणों का उल्लेख करता रहता हूँ। महाराणा प्रताप सहित अन्य महापुरुषों की जीवनी एवं उनके कार्यों, नैतिकता, सदाचार एवं सत्यनिष्ठता की चर्चा करता रहता हूँ। महापुरुषों की जयन्ती एवं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान उनके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर छात्र/छात्राओं को नैतिक आचरण, सदाचार, देशभक्ति, ईमानदारी एवं सत्य-पथ पर चलते हुए देश व समाज के उत्थान में उनकी अहम भूमिका निर्वहन हेतु प्रेरित करता रहता हूँ। ईमानदारी का फल क्या, कैसे और किस रूप में मिलता है इसका भी समय-समय पर उल्लेख करता रहता हूँ।

सुझाव-

1. महाविद्यालय की प्रवेश विवरणिका में मेरे विषय इतिहास की जगह

'मध्यकालीन इतिहास' स्पष्ट रूप से मुद्रित किया जाये, जिससे विषय चयन में आसानी हो तथा विषय परिवर्तन की परेशानी से बचा जा सके।

2. बिना प्रयोगात्मक विषयों में भी साक्षात्कार के अंक देने की व्यवस्था/प्रणाली विकसित की जाये ताकि छात्र/छात्राओं को अनुशासन में रखा जा सके। यह व्यवस्था विश्वविद्यालय स्तर पर स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए भी लागू है। भविष्य में यू.जी.सी. स्तर पर स्नातक में भी लागू होने वाला है।
3. पूर्व विश्वविद्यालय परीक्षा का परिणाम घोषित करने के बाद कम से कम एक या दो दिन का समय बच्चों को उत्तर-पुस्तिका दिखाने हेतु रखा जाये ताकि उन्हें यह समझाया जा सके कि उन्होंने क्या-क्या त्रुटियाँ की हैं। अधिकतर छात्र/छात्राओं ने प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश के अनुसार खण्ड-अ, खण्ड-ब का भी उल्लेख नहीं किया है एवं खण्ड-ब से प्रत्येक प्रश्न हल करने का अर्थ उनको नहीं पता है विशेषकर प्रथम वर्ष के बच्चों को।
4. पुस्तकालय में स्नातक प्रथम, द्वितीय व तृतीय तीनों कक्षाओं के निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर भिन्न-भिन्न लेखकों की पुस्तकें मँगाकर रखी जायें क्योंकि इस सत्र में छात्र संख्या तो बढ़ी लेकिन किसी भी कक्षा की पुस्तक उपलब्ध नहीं हो सकी।
5. प्राध्यापकों हेतु पुस्तकालय की पुस्तकें निर्गत करने के बाद 2 मई तक जमा करने का प्रतिबन्ध हटा लिया जाये ताकि ग्रीष्मावकाश में पुस्तकों के अध्ययन का पूरा अवसर मिल सके।
6. प्रवेश के समय छात्र/छात्राओं के विषय चयन के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु बरामदे में (पोर्च के नीचे) प्रत्येक संकाय से कम से कम एक प्राध्यापक को अवश्य बैठाया जाये ताकि सही व उचित ऐच्छिक विषय चयन में छात्रों को सुविधा हो तथा विषय परिवर्तन की समस्या कम से कम रहे।
7. प्रवेश के समय या बाद में भी छात्र/छात्राओं के अभिभावकों,

संरक्षकों को सम्मान के साथ बैठाने व उनसे सौहार्दपूर्ण वार्ता के साथ ही उनकी समस्याओं को समझने तथा अपनी बातें रखने की समुचित व्यवस्था किये जाने के प्रयास भी हों। इससे अभिभावकों/संरक्षकों में कॉलेज के प्रति सम्मान का भाव प्रदर्शित होता है।

8. प्रत्येक विषय के प्राध्यापक अपनी कक्षा के छात्र/छात्राओं और उनके अभिभावकों के नाम व मोबाइल नम्बर के विवरण की एक प्रति अपने पास पंजिका में तथा अपने घर पर भी रखें ताकि आवश्यकतानुसार किसी भी समय उनसे बातचीत की जा सके।
9. प्रति वर्ष प्राध्यापकों के वेतन में वृद्धि की भी व्यवस्था नियमानुसार बनायी जाये ताकि उनका मनोबल बढ़ता रहे और वे पूरे मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

शालिनी चौधरी*

प्राचीन काल में शिक्षा प्रणाली नैतिक मूल्यों, समर्पण व आत्मनिष्ठा पर आधारित थी, जबकि वर्तमान शिक्षा प्रणाली व्यावसायिक एवं भौतिकता पर आधारित हो चुकी है। अतीत में शिक्षक का कार्य जहाँ विद्यार्थी को भौतिक और आध्यात्मिक जीवन के बीच की कड़ी को समझाना था, वहीं वर्तमान में व्यवसाय व रोजगार हेतु प्रशिक्षित करने का हो गया है। प्राचीन काल में गुरु छात्रों के उन्नयन हेतु उन्हें दिशा निर्देशित करते थे। ऐसे गुरुओं की एक लम्बी शृंखला हमें देखने को मिलती रही है, जिन्होंने देश के निर्माण में अपनी भूमिका बखूबी अदा की है।

परन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऐसे शिक्षक व विद्यार्थी का अभाव है जो पूर्णत: आदर्श की स्थिति तक पहुँच चुके हों और जिन्होंने शिक्षा को पूर्णत: साध लिया हो। बाजारीकरण के इस दौर में शिक्षक व विद्यार्थी का आने वाला भविष्य क्या होगा, यह चिन्तनीय विषय है।

आज का युग तकनीकी विकास व यांत्रिक दुनिया का है। इसलिए विकास की इस प्रक्रिया में शिक्षक स्वयं को कैसे मूल्यवान बनाये रखे, महत्त्वहीन न होने दे, उसका दूसरा विकल्प यांत्रिक दुनिया न लेने पाये इसके लिए उसे अपने व्यक्तित्व को अद्यतन निखारते रहना होगा और इसी विषयवस्तु पर महाविद्यालय में सप्त दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी है। इस कार्यशाला की विषय-वस्तु 'वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार' पर आधारित थी। इस कार्यशाला के दौरान शिक्षक के स्वयं के व्यक्तित्व का निर्माण व उसके द्वारा एक विद्यार्थी के व्यक्तित्व का निर्माण किस माध्यम व किन शिक्षण प्रविधियों से किया जा सकता है, इस पर परिचर्चा हुई। मेरे द्वारा भी इस कार्यशाला

*प्रवक्ता-प्राचीन इतिहास पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

में दिये गये प्रपत्र में कुछ प्रमुख बिन्दुओं पर अपने विचार शिक्षण अनुभव के आधार पर व्यक्त किये गये।

कक्षाध्यापन की प्रविधि- कक्षा में व्याख्यान देने हेतु विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न शिक्षण प्रविधियों (प्रश्नोत्तर विधि, व्याख्यान विधि, प्रयोग विधि) का प्रयोग किया जाता रहा है। मैंने कक्षा में अधिकांशतः इन प्रविधियों का प्रयोग छात्रों के मस्तिष्क को उद्वेलित करने हेतु किया है। प्रश्नोत्तर विधि के माध्यम से मैंने उनसे संवाद कायम किया। अधिकतर मैंने पिछली कक्षा में पढ़ायी गयी विषय-वस्तु से जुड़े प्रश्न छात्रों से पूछे हैं। कभी-कभी संवाद की इस प्रक्रिया में ऐसी भी समस्या उत्पन्न होती है कि छात्रों द्वारा जिज्ञासा स्वरूप प्रश्नों की एक लम्बी झड़ी लग जाती है जिसका निदान किये बिना मैं अगली विषय-वस्तु नहीं रख पाती हूँ। ऐसे में कक्षा में व्याख्यान का समय व्यतीत होने लगता है। इसलिए अगली विषय-वस्तु (दूसरे दिन की) के साथ ही पिछली विषय-वस्तु के व्याख्यान को जोड़ना पड़ता है। ऐसे में मुझे वहाँ क्या करना चाहिए आपके सुझाव अपेक्षित हैं।

सुझाव (द्वारा- लोकेश्वा प्रजापति, अध्यक्ष-प्राचीन इतिहास पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग)

- ♦ व्याख्यान के समय प्रश्नोत्तर विधि के माध्यम से पूछे गये छात्रों के प्रश्नों का त्वरित निदान आवश्यक है चाहे इससे उस दिन का व्याख्यान पूरा न होता हो, तो भी कोई समस्या नहीं है। उसे अगले दिन के व्याख्यान के साथ ही जोड़ा जाय, यह उत्तम प्रविधि होगी।

श्यामपट्ट, प्रोजेक्टर व सारांश का प्रयोग, विधि व प्रभाव-

श्यामपट्ट-

1. शिक्षक का अस्त्र कलम व चाक के अतिरिक्त कोई दूसरा नहीं हो सकता। कक्षा में व्याख्यान देते समय क्लिष्ट शब्दों का संग्रहण श्यामपट्ट पर मेरे द्वारा लिखकर किया जाता रहा है।

2. प्राचीन इतिहास में संस्कृत के श्लोक बिना श्यामपट्ट पर लिखे प्रभावी नहीं हो पाते हैं क्योंकि इसकी कुछ उपादेयताएं हैं-
   (अ) श्यामपट्ट पर लिखते समय उच्चारण भी करना आवश्यक है जिससे छात्र भी उसका अनुकरण कर सकें। (उच्चारण सम्बन्धी सुधार)
   (ब) वर्तनी में भी गुणात्मक सुधार देखने को मिलता है।
   (स) श्यामपट्ट का प्रयोग करने से शब्दों की पुनरावृत्ति छात्र के मस्तिष्क पर अंकित हो जाती है। एक कहावत भी है-

   करत-करत अभ्यास ते जड़मत होत सुजान।
   रसरी आवत-जात है सिल पर परत निशान॥

   अर्थात् मेरे द्वारा कक्षा में श्यामपट्ट को पूर्णतः अभ्यास में लिया जा चुका है, इसका प्रभाव शनैः-शनैः छात्रों में भी दिखाई देने लगा है।

प्रोजेक्टर विधि से पढ़ाना मेरे लिए एक नूतन प्रयोग रहा। प्रारम्भ में यह समस्या मेरे समक्ष उत्पन्न हुई कि स्लाइड कैसे बनाये जाये। किस विषय-वस्तु को प्रस्तुत करें-किसे छोड़ दें, यह अपने आप में एक विचारणीय विषय था। इस विधि के माध्यम से छात्रों पर दो प्रभाव मैंने देखे-

1. छात्रों द्वारा विषय से सम्बन्धित स्लाइड के प्रति जागरूकता के परिणामस्वरूप छात्रों ने विषय-वस्तु से सम्बन्धित स्लाइड को अपने कम्प्यूटर में रखने के लिए मुझसे उस विषय-वस्तु को प्राप्त किया।
2. स्लाइड में बने रेखाचित्रों को, संस्कृत श्लोक को अपनी कापी में भी अंकित किया।

- ♦ इस प्रविधि से व्याख्यान देने में मेरे स्वयं के व्यक्तित्व में एक नया पक्ष कम्प्यूटर ज्ञान का जुड़ा जिससे मैं लाभान्वित हुई।

समस्या व सुझाव- छात्रों का विकास व उन्नयन एक शिक्षक के माध्यम से होता है अतः शिक्षक का ज्ञान की हर विधा में निपुण होना

अपरिहार्य हो जाता है। इसलिए मेरा सुझाव है कि महाविद्यालय में शिक्षकों के लिए महीने/सप्ताह में एक दिन कम्प्यूटर की कक्षा संचालित की जानी चाहिए क्योंकि यह समस्या निरन्तर बनी हुई है कि हम अपने भावों की अभिव्यक्ति सूचना तकनीकी के माध्यम से भली-भाँति नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए किसी कार्य में दक्षता हासिल करन अपरिहार्य हो जाता है। हमारे स्वयं के व्यक्तित्व में ज्ञान की इस विधा का भी समावेष्ठा होना चाहिए।

सारांष्ठा निर्माण विधि- सारांष्ठा विधि से कक्षाध्यापन कराने की योजना महाविद्यालय द्वारा एक नूतन शिक्षण प्रविधि का ही अंग है।

1. सारांष्ठा निर्माण विधि ने शिक्षक की क्षमता में उत्तरोत्तर वृद्धि ही की है। इस विधि से व्याख्यान देने के पूर्व शिक्षक को विषय-वस्तु का गहन अध्ययन करना होता है, तत्पष्ठचात उसके 3-4 घण्टे की मेहनत का प्रतिफल उस सारगर्भित प्रारूप के रूप में पन्ने पर सिमट कर आ पाता है।
2. इस विधि से पढ़ाये जाने पर कई विषय-वस्तु को एक साथ समायोजित करने में आसानी होती है।

विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास-

प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तित्व में प्रतिभा का समावेष्ठा होता है परन्तु उसके प्रस्फुटन हेतु शिक्षक (जौहरी को हीरे की पहचान होती है) को प्रयास करना पड़ता है। महाविद्यालय में छात्रों से कक्षाध्यापन कराया जाना, उसकी प्रतिभा को निखारने का एक अच्छा अवसर है जो उन्हें प्रत्येक सप्ताह में एक बार प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा एक प्रयास हुआ है जो छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में संलग्न हैं उनसे मैं व्याख्यान देते समय प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बन्धित प्रष्ठन पूछती हूँ व उसके विकल्प में अन्य प्रष्ठन भी छात्रों को बताती हूँ। ऐसे में जो छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर रहे हैं वह भी कक्षा में उन प्रष्ठनों को सुनते हैं। अत: मेरे लिए आसान हो जाता है कि उन छात्रों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उद्वेलित करूँ।

पाठ्य सामग्री व कक्षाध्यापन को बोधगम्य व रुचिकर बनाने हेतु प्रयास- कक्षाध्यापन को छात्रों के मानसिक स्तरानुकूल व रुचिकर बनाने हेतु उनके जीवन के दृष्टांत, व्यवहार में किये जाने वाले प्रयोग व शिक्षक के स्वयं के प्रेरक प्रसंग से कक्षा में दिया जाने वाला व्याख्यान रुचिकर व बोधगम्य होगा।

- मैं अपनी कक्षा में यह प्रयोग समय-समय पर व्याख्यान के दौरान करती रहती हूँ।

उपस्थिति पंजिका का प्रयोग- मेरी कक्षा में छात्रों की संख्या ज्यादा नहीं है इसलिए उपस्थिति पंजिका पर उपस्थिति लगाने में कोई समस्या खड़ी नहीं होती है।

अनुष्ठासन- अनुष्ठासन दो प्रकार का होता है-

(1) बाह्य अनुष्ठासन (2) अन्त: अनुष्ठासन

- बाह्य अनुष्ठासन महाविद्यालय परिसर में नियन्ता मण्डल द्वारा व कक्षा में मेरे द्वारा रखा जाता रहा है। समय-समय पर परिसर में अनुष्ठासनहीनता करने वाले छात्रों को दण्ड स्वरूप महाविद्यालय से कुछ समय के लिए निष्कासित भी किया गया है।
- अन्त:अनुष्ठासन छात्रों की स्वयं की प्रेरणा पर आधारित होता है। इसलिए मेरी कक्षा में छात्र अन्त:अनुष्ठासित दिखाई पड़ते हैं। व्याख्यान के दौरान अनुष्ठासनहीनता की समस्या अभी तक नहीं हुई है।

वर्तमान कक्षाध्यापन प्रविधि में अनुभव आधारित सुधार- प्रयोग के तौर पर इस वर्ष मैंने एक प्रयास कक्षा में किया कि छात्रों को अनसाल्व्ड पेपर से पिछले 10 वर्षों तक के आये हुए परीक्षा प्रष्ठनों को दो-दो दिन के अन्तराल पर लिखने के लिए दिया।

समस्या- छात्रों के पास पुस्तक का अभाव। पुस्तकालय से केवल दो कार्ड प्राप्त हुए हैं। इस समस्या के निदान हेतु मैंने कक्षा में (पुस्तकालय से अपने लिये पुस्तक आवंटित कराया) छात्रों

को स्वयं पुस्तक वितरित किये। परिणामस्वरूप छात्रों ने प्रष्ठनों के उत्तर लिखे और उनमें गुणात्मक सुधार हुआ है जिसका प्रतिफल पूर्व विष्ठवविद्यालय परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं (छात्रों द्वारा लिखी गयीं) में देखने को मिला।

सुझाव- समस्त छात्र पुस्तक नहीं खरीद सकते क्योंकि सबकी अपनी अलग-अलग समस्याएँ हैं। मेरा ऐसा मानना है कि छात्रों को पुस्तकालय से दो कार्ड की जगह तीन कार्ड दिये जाएँ, क्योंकि अगर स्नातक में छात्र तीन विषय लेकर पढ़ रहा है और सभी विषयों में एक साथ मासिक मूल्यांकन एक ही दिन हो रहा है तो छात्र के समक्ष पुस्तक का न होना कहाँ तक जायज है।

कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता यथा महाविद्यालय परिसर संस्कष्ति, जीवन मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार आदि बिन्दुओं पर समय-समय पर चर्चा होती रहती है।

वर्तमान कक्षाध्यापन प्रविधि में अनुभव आधारित सुधार

डॉ. आरती सिंह*

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में छात्रों का बहुत बड़ा योगदान होता है, इन छात्रों को योग्य बनाने में ष्शिक्षक की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। ष्शिक्षक मात्र कक्षा पढ़ाने वाला व्यक्ति नहीं अपितु वह गुरु, मार्गदर्ष्शक भी होता है। इस बात का अनुभव हर ष्शिक्षक करता है। प्रत्येक विद्यार्थी अपने गुरु (ष्शिक्षक) से अच्छी बातें सीखता है।

कुछ वर्षों के अध्यापकीय जीवन के अनेक खट्टे-मीठे अनुभव हैं जो बेहद अच्छे एवं उपयोगी हैं। यहाँ हमारी चर्चा का विषय होगा 'वर्तमान सत्र का प्रविधि आधारित अनुभव', इसी को केन्द्र में रखकर अपने अनुभव को प्रस्तुत कर रही हूँ। वर्तमान समय में ष्शिक्षा प्राप्त करने के साधनों में पुस्तक, पत्र-पत्रिकाएँ, इलेक्ट्रॉनिक चैनलों पर वाद-विवाद, संवाद, परिचर्चा, ऑडियो-वीडियो इण्टरनेट आदि सर्वसुलभ हैं, जिनका उपयोग हम ष्शिक्षा प्राप्त करने में कर रहे हैं।

हम अपने कक्षाध्यापन में परम्परागत सामग्रियों- ष्श्यामपट्ट, चाक, पुस्तक आदि का उपयोग करते आये हैं। इस सत्र में हमने एक नया प्रयोग किया। किसी के लिए पुराना हो सकता है पर हमारे लिए यह प्रविधि नया ही है। पहला यह कि प्रत्येक दिन, प्रत्येक कक्षा में पाठ्य विषय का संक्षिप्त सारांष्श हर विद्यार्थी को उपलब्ध कराया गया। दूसरा पावर प्वाइंट कक्षाएँ चलीं। सर्वप्रथम हम सारांष्श पद्धति पर अपने अनुभव प्रस्तुत करेंगे।

कठिनाइयाँ-

1. 50 मिनट में पढ़ायी जाने वाली विषय-वस्तु को एक पष्ष्ठ में अंकित करना।
2. ष्शुरुआती दौर में ज्यादा पर बाद के दिनों में कम- कक्षाध्यापन से पूर्व

*प्रभारी-हिन्दी विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

मानसिक दबाव का कारण बना सारांष्ठा की अनिवार्यता।

3. प्रारम्भिक समय में कुछ असावधानियाँ भी हुईं जो बाद में ठीक हो गयीं।
4. फोटो कापी मष्ठीन खराब होने के कारण कभी-कभी फोटो कापी बाहर से कराना पड़ा।

लाभ-

1. ष्ठिक्षक की दष्टि से- कक्षा में हर हाल में पढ़कर जाना एवं लिखने की प्रवष्ति का अग्रसर होना।
2. विद्यार्थी की दष्टि से- अधिकांष्ठा विद्यार्थी परीक्षा की कापी में विषयेतर (फालतू) बातें लिखते हैं। वह सारांष्ठा में दी गयीं संक्षिप्त बिन्दुओं को ही स्मरण में रखकर लिखें तो परीक्षा परिणाम अच्छा होगा।
3. कुछ विद्यार्थियों को इसका फायदा मिला पर कुछ के लिए पष्ठ का संग्रह मात्र रहा।

सुधार-

1. सारांष्ठा लिखते समय हम अधिकाधिक पुस्तकों का उपयोग नहीं कर पाये किन्तु इसे ठीक करने का प्रयास रहेगा।
2. समय का दबाव एवं पुस्तकों के पुनर्पाठ की आवष्ठयकता महसूस हुई, जिसे ठीक करना है।
3. कुछ विद्यार्थियों के लिए प्रभावी नहीं हुआ।

कक्षाध्यापन के लिए दूसरा नया प्रयोग हमने यह किया कि प्रत्येक विषय की प्रत्येक कक्षा में कम से कम पाँच कक्षाएँ 'पावर प्वाइण्ट' पर पढ़ायीं। मेरे लिए थोड़ा मुष्ठिकल कार्य रहा। 'पावर प्वाइण्ट' कक्षाओं की पहली ष्ठार्त यह है कि हमें कम्प्यूटर की ठीक से जानकारी हो, जिसमें मैं कमजोर हूँ इसलिए कठिनाइयाँ आयीं। परन्तु येन-केन-प्रकारेण मैंने स्नातक (प्रथम, द्वितीय एवं तष्टीय) की लगभग 37 कक्षाओं में पढ़ाया।

पावर प्वाइण्ट से सम्बन्धित कठिनाइयाँ-

1. इसके लिए मुझे अन्य लोगों से सहयोग लेना पड़ा।
2. कक्षाओं को जितना रोचक बनाना चाहती थी उसमें कुछ कमी रह गयी।

कक्षाध्यापन के समय की कठिनाइयाँ-

1. इसमें पहली समस्या आयी बिजली का समय से न मिलना।
2. जनरेटर चलना फिर बीच में बन्द हो जाना।
3. चलती कक्षा में बिजली कटने से व्यवधान उत्पन्न होना।

लाभ-

1. यह विद्यार्थियों के लिए रुचिकर और ग्राह्य रहा।
2. इसमें किसी भी विषय का चरित्र वर्णन की सुविधा है जो विद्यार्थी के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है।
3. कक्षा में 'पावर प्वाइण्ट' सहायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।
4. इसके माध्यम से हम अधिकाधिक उदाहरणों को विद्यार्थी के सामने प्रस्तुत कर सके।

सुधार-

1. सर्वप्रथम मुझे कम्प्यूटर की ठीक से जानकारी प्राप्त करनी है।
2. कक्षा को रोचक बनाने के लिए अन्य स्रोतों से दष्ठय सामग्री जुटानी है।
3. इस पद्धति के प्रति विद्यार्थियों में रुचि विकसित करनी है।

कक्षाध्यापन की उपर्युक्त प्रविधि के खट्टे-मीठे अनुभव को मैंने प्रस्तुत किया है। हमारी कक्षाओं में विभिन्न परिवेष्ठा से छात्र-छात्राएँ आती हैं। सर्वप्रथम हम उनके पूर्वज्ञान और ग्रहण करने की क्षमता को विद्यार्थियों द्वारा कक्षाध्यापन, मासिक मूल्यांकन, मौखिक प्रष्ठनोत्तरी, बातचीत के माध्यम से जानने का प्रयास करते हैं। उनकी समझ और बौद्धिक स्तर पर जाकर विषय-वस्तु को सरल सहज भाषा में उन तक

पहुँचाने का प्रयास करते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि एक विषय पर दो-तीन कक्षाएँ पढ़ाने एवं तरह-तरह से समझाने के उपरान्त कुछ पूछने पर उत्तर शून्य में मिलता है तो अजीब सी पीड़ा भी होती है। हमारा यथासम्भव प्रयास रहता है कि हमारे द्वारा बतायी गयी बात को विद्यार्थी ठीक-ठीक समझ सके।

अध्यापन अनुभव का वह क्षण बेहद सुखद होता है जब विद्यार्थी हमारे सामने कुछ प्रष्ठन या जिज्ञासा रखता है और हम अपने ज्ञान की सीमा में उसे सन्तुष्ट कर पाते हैं। दु:खद वह क्षण होता है जब विद्यार्थी हमसे कुछ पूछता है और हमें यह कहना पड़ता है कि कल बतायेंगे। यह सब मेरी आपबीती अनुभव की बातें हैं। हम ज्ञान की समष्टि, प्रविधि के विकास में निरन्तर अग्रसर हैं।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

आम्रपाली वर्मा*

भूमिका

शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी ये तीनों मिलकर ही शिक्षा को पूर्ण बनाते हैं। जबतक इन तीनों के बीच उचित समन्वय न होगा तबतक कोई भी शिक्षण अपना पूर्ण स्वरूप नहीं प्राप्त कर सकता है।

एक शिक्षक के अन्दर ज्ञान, व्यक्तित्व और तन्मयता ये तीनों मिलकर ही एक शिक्षक को श्रेष्ठ शिक्षक बनाते हैं। किसी भी शिक्षक का आत्मिक होना अत्यन्त आवश्यक है। यदि शिक्षक अपने विद्यार्थियों के प्रति आत्मिक नहीं है तो वह एक कुशल शिक्षक नहीं हो सकता।

जहाँ तक आधुनिक शिक्षा का प्रष्ठन है यह पूरी तरह से यांत्रिकता पर निर्भर है। यंत्र में न तो कोई आत्मा होती है और न ही संवेदना। इस दृष्टि से यह कार्यशाला शिक्षकों के आत्मदर्शन हेतु आयोजित की गयी है।

कक्षाध्यापन की विधि

जुलाई 2013 से महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा कक्षाध्यापन विधि में कुछ नये तरीकों- सारांशा, एल.सी.डी. प्रोजेक्टर से कक्षा का संचालन इत्यादि महाविद्यालय के खर्चे से चलाने का निर्णय लिया गया। शिक्षक द्वारा हस्तलिखित सारांशा प्रत्येक दिन छात्रों के बीच वितरित किया गया। सारांशा में लिखी बातों को व्याख्यान द्वारा समझाया गया। सारांशा में अंकित चित्रों को रंगीन चॉकों की सहायता से शिलापट्ट पर स्पष्ट बनाने का प्रयास किया गया जिससे छात्रों को चित्र आसानी से समझ में आ जाये और चित्र के विभिन्न भाग स्पष्ट रूप से विभेदित हो सकें।

वनस्पति विज्ञान में सैद्धान्तिक कक्षाओं के साथ प्रायोगिक कक्षाओं का बड़ा ही महत्त्व है। अत: सिद्धान्त को पढ़कर उसके

*प्रवक्ता-वनस्पति विज्ञान, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

अनुरूप ही छात्रों को प्रयोग कराकर उरकी अवधारणा को स्पष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2013 से प्रत्येक शिक्षक को पाँच-पाँच व्याख्यान प्रत्येक प्रष्ठन-पत्र में आवष्ठयक रूप से लेने थे, ऐसा विद्यालय प्रबन्धन द्वारा सुनिष्ठिचत किया गया था। मेरे द्वारा एल.सी.डी. प्रोजेक्टर की सहायता से रंगीन चित्रों और एनिमेष्ठान द्वारा पी.पी.टी. को सरल और आकर्षक रूप में निर्मित किया गया जिससे छात्रों को समझने में आसानी हो।

कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री- ष्ठिलापट्ट, प्रोजेक्टर, सारांष्ठा इत्यादि का उपयोग, विधि एवं प्रभाव

कक्षाध्यापन हेतु अन्तर्क्रियात्मक विधि अपनायी गयी। मेरे द्वारा वर्ष 2013 से ष्ठिलापट्ट का पूर्ण उपयोग किया जाता रहा है। छात्रों को ठीक प्रकार से समझाने के लिए चित्रों को रंगीन चॉकों की सहायता से बनाकर दिखाया गया। प्रोजेक्टर की सहायता से भी विभिन्न कक्षाओं को पढ़ाया गया जिसमें एनीमेष्ठान तथा चित्रों का समावेष्ठा किया गया था।

मेरी समझ से एल.सी.डी. प्रोजेक्टर द्वारा कक्षा का संचालन विज्ञान विषयों के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। आधुनिक प्रविधियों से ष्ठिक्षण और भी प्रभावी, आकर्षक तथा बोधगम्य हो जाता है।

सारांष्ठा निर्माण विधि एवं उदाहरणस्वरूप उसका प्रभाव

सारांष्ठा निर्माण इस बात पर निर्भर करता है कि पढ़ाया जाने वाला ष्ठार्षक कैसा है। अध्यापन का ष्ठार्षक जैसा होगा उसी प्रकार सारांष्ठा निर्माण की विधि होगी।

विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास के तरीके

विद्यार्थियों द्वारा कक्षा में एक दिन कक्षाध्यापन, हरबेरियम फाइल बनवाना, प्लाण्ट कलेक्ष्ठान करवाना, वाइल्ड एवं मेडिसिनल गार्डेन के प्रति प्रोत्साहित करना, कक्षा संचालन के दौरान समय-समय पर प्रष्ठन पूछना आदि विभिन्न तरीकों से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को प्रस्फुटित करने का प्रयास किया गया।

पाठ्यसामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु प्रयास- उदाहरण सहित

प्रोजेक्टर द्वारा पाठ्यक्रम के ष्ठार्षकों को दिखाकर छात्रों में पुस्तकों से सम्बन्धित नीरसता को दूर करने का प्रयास किया गया। प्रोजेक्टर के द्वारा अनेक जटिल चित्रों को समझाया गया। इसके अतिरिक्त ष्ठिलापट्ट पर चित्रों को निर्मित करने से छात्रों में चित्र बनाने की आदत का विकास हुआ।

कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग एवं उसमें समस्या और समाधान

उपस्थिति पंजिका का नियमित प्रयोग सभी ष्ठिक्षकों द्वारा किया जाता है। छात्रों की संख्या कम होने के कारण उपस्थिति पंजिका के रख-रखाव में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती है।

वर्तमान कक्षाध्यापन प्रविधि में अनुभव आधारित सुधार

चूँकि सारांष्ठा की विधि विगत वर्ष से ही आरम्भ हुई है। अत: ज्यादातर ष्ठिक्षक सारांष्ठा निर्माण को और भी बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सारांष्ठा के सम्बन्ध में मेरा यह व्यक्तिगत अनुभव है कि जब ष्ठिक्षक किसी कक्षा के एक ष्ठार्षक को खत्म कर ले तभी उसे दूसरे ष्ठार्षक को आरम्भ करना चाहिए जिससे छात्रों में पाठ्यक्रम के प्रति रुचि और निरन्तरता बनी रहे।

अनुष्ठासन

महाविद्यालय में अनुष्ठासन पर विष्ठोष ध्यान दिया जाता है। ज्यादातर कक्षाएँ अनुष्ठासित ही चलती हैं। चूँकि विज्ञान वर्ग के छात्रों की संख्या कम है इसलिए कक्षा में अनुष्ठासन सम्बन्धी कोई भी समस्या उत्पन्न नहीं हो पाती। महाविद्यालय स्तर पर हमारे विद्यालय का अनुष्ठासन सर्वश्रेष्ठ कहा जा सकता है।

कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता; यथा- महाविद्यालय परिसर संस्कष्ठि, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देष्ठा-समाज

आदि

महाविद्यालय की दिनचर्या का आरम्भ प्रार्थना, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के साथ-साथ अतीत की ऐतिहासिक घटनाओं के स्मरण और गीता पाठ से होता है। समय-समय पर कक्षाओं में महाविद्यालय परिसर संस्कृति, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार इत्यादि विषयों पर छात्रों के बीच चर्चा होती रहती है। परन्तु इसके लिए विशेष रूप से कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाता है।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

प्रतीक कुमार दास*

आज के इस प्रतियोगी युग में छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षकों की उपस्थिति की अपरिहार्यता 'कक्षाओं को पढ़ाने' तक ही सीमित नहीं है बल्कि शिक्षकों के विषय ज्ञान की गहनता एवं अनुभव छात्रों के बीच शिक्षकों की अनिवार्यता को परिलक्षित करती है। शिक्षक भी छात्रों के बीच अपने अनुभव व ज्ञान को रखते हुए प्रतिदिन सीखता है।

मैं कक्षाध्यापन के दौरान प्रयुक्त अपनी शिक्षण प्रविधि तथा उसके अनुभवों से जुड़े बिन्दुओं पर प्रकाश डालने का प्रयास कर रहा हूँ।

कक्षाध्यापन की विधि- कक्षाध्यापन के परम्परागत तरीके यथा श्यामपट्ट, चॉक आदि का शुरुआती कक्षाओं में प्रयोग किया। परम्परागत तरीके से कक्षाओं में पढ़ाने में असुविधा नहीं हुई। पिछले वर्ष भी इसी प्रकार से कक्षाएँ पढ़ाने का अवसर मिला।

अपने विषय की कुछ कक्षाओं को प्रोजेक्टर पर पढ़ाया। प्रोजेक्टर पर ऐसे त्रिविमीय चित्र जिन्हें श्यामपट्ट पर प्रदर्शित करने में असुविधा होती थी, उनको आसानी से छात्रों को समझाने में सुविधा हुई।

कक्षाओं में पूरे वर्ष पाठ्यक्रम योजना के अनुसार सारांश बाँटा। सारांश बनाने का लाभ यह हुआ कि पाठ्यक्रम योजना के अनुसार पाठ्यक्रम समय पर समाप्त हो गया तथा अतिरिक्त कक्षाओं की आवश्यकता नहीं पड़ी। पूरे विषय-वस्तु को पाठ्यक्रम योजना के अनुसार छोटे-छोटे शीर्षकों के अन्तर्गत सारांश को बताने से छात्रों को विषय-वस्तु अधिक सरलता से समझाने में सुविधा हुई। सारांश बनाने का लाभ यह भी हुआ कि अनेक प्रकार के अधिकाधिक प्रश्न पूछे जा सके।

*प्रवक्ता-गणित, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन के प्रयास- हमारे यहाँ प्रत्येक सप्ताह पाँच दिन की कक्षाओं के बाद एक दिन की कक्षा छात्रों को पढ़ाने का मौका दिया जाता है जिसके कारण छात्रों में छिपी अन्तर्मुखी व बहिर्मुखी प्रतिभा का विकास होता है। छात्रों का प्रत्येक माह के अन्त में मासिक मूल्यांकन किया जाता है। मैंने अपनी कक्षाओं में सवालों तथा प्रमेयों को यथा उदाहरण दैनिक जीवन से सम्बद्ध कर छात्रों को बेहतर तरीके से समझाने का प्रयास किया। कक्षाओं में छात्रों के बीच प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े सवालों को पाठ्यक्रम के ष्ठीर्षक से सम्बद्ध करते हुए उनके समाधान देकर भी उनमें छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन के प्रयास किये।

कक्षाओं में अधिक छात्रों के पंजीकरण से उनकी उपस्थिति प्रतिदिन लेते हुए 10-15 मिनट का नुकसान होता है, इसे कम करने के लिए मैंने एक सफेद कागज पर छात्रों को अपना नाम, आई.डी. नम्बर लिखने का निर्देष्ठा देकर छात्रों के बीच भेजा तथा कक्षा समाप्ति पर उपस्थिति पंजिका में दर्ज कर लिया। इससे मुझे कक्षाध्यापन के लिए मिले पूरे 50 मिनट के समय का पूर्णत: प्रयोग करने में सफलता मिली।

कक्षाध्यापन प्रविधि में सुधार एवं अनुष्ठासन- सारांष्ठा निर्माण विगत वर्ष से ही प्रारम्भ हुआ है। छात्रों के बीच सारांष्ठा का प्रभाव ही अध्यापक को अपने सारांष्ठा लिखने के तरीके में सुधार को प्रेरित करता है। मैंने अपने सारांष्ठा में सर्वाधिक बिन्दुओं को छात्रों के बीच रखने का प्रयास किया तथा आगे भी करता रहूँगा।

स्थापना काल से ही महाविद्यालय परिसर में अनुष्ठासन का विष्ठोष महत्त्व है जो विद्यार्थियों की गतिविधियों से परिलक्षित होता है। अत: कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने पर भी कक्षाओं में तथा महाविद्यालय परिसर में अनुष्ठासन बना रहता है।

कक्षाध्यापन के दौरान सदाचरण, देष्ठा-समाज की बातें- कक्षाओं में पाठ्यक्रम योजना के अनुसार कक्षा पढ़ाने के कारण यद्यपि समय सीमा के कारण देष्ठा-समाज की बातें करने का समय नहीं मिलता है फिर भी

मैंने देष्ठा-समाज में होने वाली समसामयिक घटनाओं के बारे में छात्रों को अवगत कराने का प्रयास किया।

महाविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न सांस्कष्ठिक कार्यक्रम, सेमिनार का आयोजन किया जाता है जिसमें लगभग सभी विषयों के विषय विष्ठोषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है, जिनके मार्गदर्ष्ठान से छात्रों के जीवन-मूल्यों के विकास में सहायता मिलती है।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

संजय कुमार तिवारी*

इक्कीसवीं शताब्दी में **कम्प्यूटर साइंस** सबसे नया विषय उभर कर आया है। इसमें ज्ञान की प्रगति अन्य सभी विषयों से कहीं अधिक है। यह विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़ा हुआ है, इसीलिए अन्य ज्ञान की विधाओं में शोध के नये आयाम प्रस्तुत कर रहा है। उदाहरणस्वरूप- चिकित्सा विज्ञान में विगत 20 वर्षों में जो प्रगति हुई है उसका पूरा श्रेय कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी को जाता है। इस प्रौद्योगिकी की प्रगति के कारण अध्ययन-अध्यापन में जो सामग्री प्रयुक्त हो रही है वह पूरी तरह से नये युग में प्रवेश का परिचायक है। उदाहरणस्वरूप- इण्टरनेट, कम्प्यूटर टाइपिंग की प्रगति के कारण कागज का प्रयोग रोज कम होता जा रहा है। कम्प्यूटर साइंस के ही विकास के कारण टेलीग्राफ सेवा (तार) अर्थहीन हो गयी और उसे बन्द कर देना पड़ा। वह समय बहुत दूर नहीं है जब पोस्ट आफिस की भी सेवा बन्द कर देनी पड़ेगी। आम जनता को रेल में आरक्षण, सरकारी दफ्तरों में आँकड़ों के रख-रखाव, शिक्षण संस्थाओं में इण्टरनेट के प्रयोग का सीधा लाभ मिल रहा है। आगे हम इस विषय पर बिन्दुवार चर्चा करेंगे-

कक्षाध्यापन की विधि एवं सामग्री- कम्प्यूटर साइंस की मदद से कक्षाध्यापन पूरी तरह से बदल गया है। कम समय में प्रोजेक्टर की मदद से विषय-वस्तु को चित्र के साथ छात्रों के समक्ष प्रस्तुत करने के कारण न्यूनतम दबाव में विषय-वस्तु बहुत आसानी से छात्रों को स्थानान्तरित हो जाती है।

कक्षाध्यापन में इण्टरनेट एवं वाई-फाई की सुविधा के कारण एक ही समय बहुत सारे छात्रों से सम्पर्क करना आसान हो गया है, अर्थात् अध्यापन हेतु अध्यापक एवं विद्यार्थी की कक्षा में उपस्थिति की अनिवार्यता कम होती जा रही है।

सारांश निर्माण विधि एवं उदाहरणस्वरूप उसका प्रारूप- प्रोजेक्टर के माध्यम से विषय से सारांश एवं सारांश से विषय को प्रस्तुत करना बहुत आसान हो गया है। उदाहरणस्वरूप, विद्यार्थियों को प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था से परिचित कराना है, तो चित्र के माध्यम से व्यवस्था के हर आयाम का प्रस्तुतीकरण दर्शाना बहुत आसान हो गया है और उससे विद्यार्थियों को समझना भी आसान हो गया है।

विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास के तरीके- विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करने हेतु उनके समक्ष तरह-तरह की समस्याओं के निस्तारण हेतु उनके सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं, जिससे सहज ही विद्यार्थियों की प्रतिभा के साथ-साथ रुचि से अवगत हुआ जाता है।

पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु प्रयास- उदाहरण एवं प्रतिउदाहरण साथ-साथ प्रस्तुत करने से विषय का मूल बिन्दु स्पष्ट (Highlight) हो जाता है।

कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग एवं उसमें समस्या और समाधान- वर्तमान समय एवं प्रौद्योगिकी को ध्यान में रखते हुए कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग अध्यापन के समय का अपव्यय है। यदि शिक्षण संस्था पूरी तरह से तकनीकी माध्यम से आच्छादित नहीं है तो कागज के पन्ने को एक विद्यार्थी से दूसरे विद्यार्थी को स्थानान्तरित कर उपस्थिति ली जा सकती है, अन्यथा की स्थिति में अँगूठे का निष्ठान (Thumb impression-Computerized system) ही उपस्थिति रिकार्ड करने का सबसे उत्तम तरीका है।

वर्तमान कक्षाध्यापन प्रविधि में अनुभव आधारित सुधार- कक्षाध्यापन में प्रौद्योगिकी की मदद लेना अच्छी बात है, लेकिन प्रौद्योगिकी संयंत्र के संचलन में बाधा की स्थिति से कैसे निपटा जायेगा, इसके लिए भी शिक्षक को तैयार रहना चाहिए। उदाहरणस्वरूप, यदि बिजली चली जाती है तो प्रोजेक्टर कार्य करना बन्द कर देता है। ऐसी स्थिति में

*प्रवक्ता-कम्प्यूटर साइंस, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

विषय-वस्तु को किस तरह लेकर चलना होगा, इसके लिए अध्यापक को हर समय तैयार रहना चाहिए।

अनुष्ठासन- अनुष्ठासन किसी भी कार्य एवं व्यवस्था के लिए आवष्ठयक है। ष्ठिक्षण-संस्थाओं में ष्ठिक्षक का ज्ञान एवं चरित्र पर्याप्त है विद्यार्थी को अनुष्ठासित करने के लिए। इसके विपरीत अन्य तरीकों से यदि अनुष्ठासन स्थापित किया जाता है, तो वह लम्बे समय में ष्ठिक्षण संस्था के विकास में बाधक होगा।

कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता; यथा- महाविद्यालय परिसर संस्कष्ठि, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देष्ठा-समाज आदि- कक्षाध्यापन के दौरान बीच-बीच में विषय को रोचक बनाने हेतु अनौपचारिक वार्ता आवष्ठयक है। इससे विद्यार्थियों से ष्ठिक्षक संवाद भी कर सकते हैं। यदि अनौपचारिक वार्ता ऐसी हो जिसमें विषय-वस्तु के अतिरिक्त जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देष्ठा-समाज आदि का प्रवाह हो तो यह विद्यार्थी के बहुआयामी विकास में सहायक होगा।

वर्तमान ष्ठिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

विनय कुमार सिंह*

कक्षाध्यापन की विधि- कक्षाध्यापन की निम्न विधियों का प्रयोग मेरे द्वारा किया जाता है-

1. किसी भी ष्ठीर्षक को पढ़ाने से पहले मैं पहले उस ष्ठीर्षक को अच्छी तरह से समझता हूँ।
2. कक्षा में प्रवेष्ठा करने के बाद मैं सबसे पहले ष्ठीर्षक की चर्चा विद्यार्थियों से करने के बाद ही अपना अगला ष्ठीर्षक पढ़ाना प्रारम्भ करता हूँ।
3. अगले कक्षाध्यापन में मुझे जो भी ष्ठीर्षक पढ़ाना होता है, विद्यार्थियों से उसके बारे में पढ़कर आने के लिए अवष्ठय कहता हूँ।

कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री- ष्ठिलापट्ट, प्रोजेक्टर, सारांष्ठा इत्यादि का उपयोग, विधि एवं प्रभाव- कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री जैसे ष्ठिलापट्ट, प्रोजेक्टर, सारांष्ठा आदि का प्रयोग मेरे द्वारा किया जाता है। इन सभी सहायक सामग्रियों का प्रयोग समय-समय पर पहले से तय कक्षा को पढ़ाने में एकसाथ किया जाता है। हमारी जो भी कक्षा प्रोजेक्टर, ष्ठिलापट्ट तथा सारांष्ठा के द्वारा चलती है वह अधिक प्रभावष्ठाली होती है। हमारी ष्ठोष कक्षाएँ ष्ठिलापट्ट, सारांष्ठा आदि के द्वारा चलती रहती हैं।

सारांष्ठा निर्माण विधि- मैंने सारांष्ठा को हर सम्भव अच्छा से अच्छा बनाने की कोष्ठिष्ठा की, लेकिन अगले साल का हमारा सारांष्ठा इससे भी अच्छा होगा जिसकी प्रति में इसके साथ संलग्न कर रहा हूँ। सारांष्ठा बनाते समय हमने अलग-अलग लेखकों की किताबों तथा इण्टरनेट की सहायता ली।

*प्रवक्ता-प्राणिविज्ञान, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास के तरीके- विद्यार्थियों से मैं हमेष्ठा प्रष्ठनोत्तर विधि के माध्यम से उनकी छिपी हुई प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास करता रहता हूँ। कभी-कभी कुछ विद्यार्थी ज्यादा आष्ठांकित (Nervous) दिखते हैं तो मैं उन्हें यह समझाने का प्रयत्न करता हूँ कि सब लोग एक तरह नहीं होते, यदि वे भी कठिन परिश्रम कर पढ़ाई करें तो सारे प्रष्ठनों के उत्तर आसानी से दे सकते हैं।

पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु प्रयास- उदाहरण सहित- कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु मेरा हर सम्भव यही प्रयास रहता है कि जो भी ष्ठीर्षक पढ़ाया जा रहा है उसे रुचिकर एवं बोधगम्य बनाने के लिए विद्यार्थियों के सामने उनके दैनिक जीवन से जुड़े एवं आस-पास के वातावरण से सामंजस्य बिठाने वाले उदाहरण प्रस्तुत करूँ।

उदाहरण- अगर मैं 'विष विज्ञान' के अन्तर्गत 'फूड एडिटिव' ष्ठीर्षक पढ़ा रहा होता हूँ तो विद्यार्थियों को यह जरूर बताते हैं कि बाजार में जो मिठाई या कोई अन्य खाद्य पदार्थ जो देखने में रंगयुक्त, सुगंधित होती हैं, वे हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाती हैं, क्योंकि इसमें रसायन मिले होते हैं।

कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग एवं उसमें समस्या और समाधान- प्राणिविज्ञान में बी.एस-सी. भाग-दो व तीन में विद्यार्थियों की संख्या सीमित होने के कारण उपस्थिति लेने में कोई समस्या नहीं होती है। जबकि भाग-एक में संख्या कुछ अधिक होने के कारण विद्यार्थियों के बढ़ते हुए पहचान (आई.डी.) क्रमांक के अनुसार उनका एक अनुक्रमांक लागू कर दिया गया है जिससे उनकी उपस्थिति दो मिनट में आसानी से दर्ज हो जाती है।

वर्तमान कक्षाध्यापन प्रविधि में अनुभव आधारित सुधार- मेरे द्वारा इस साल बी.एस-सी. भाग-तीन के विद्यार्थियों को कक्षा में प्रतिदिन एक प्रष्ठन देना, अगले दिन सबसे पहले उनकी कापी में उनके द्वारा लिखे गये उत्तर को देखना, उनसे इसके बारे में चर्चा करना तथा उनसे यह

भी बताना कि उसका उत्तर किस प्रकार से और भी बेहतर लिखा जाये आदि प्रयास किये गये जो कि विद्यार्थियों के लिए काफी अच्छा रहा। अगले वर्ष में इस प्रयास को बी.एस-सी. भाग-एक व दो में भी लागू करूँगा।

अनुष्ठासन- अनुष्ठासन किसी भी व्यक्ति के जीवन को महान बनाता है। अनुष्ठासन मेरी कक्षा में हमेष्ठा बनी रहती है। अतः यह मेरे लिए कोई समस्या नहीं है।

कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता; यथा- महाविद्यालय परिसर संस्कष्ति, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार, देष्ठा-समाज आदि- कक्षाध्यापन के दौरान ये बातें किसी न किसी सन्दर्भ में अवष्ठय ही आ जाती हैं जिनका अलग से कोई समय नहीं होता है।

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

प्रदीप कुमार वर्मा*

शिक्षा जीवन का महत्त्वपूर्ण पहलू है क्योंकि शिक्षा के द्वारा ही कोई भी कार्य सुचारु रूप से किया जा सकता है। शिक्षित व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाते हैं। शिक्षक के ज्ञान-बोध के द्वारा ही अलग-अलग क्षेत्र में शिक्षार्थी शिक्षित होते हैं। हमारे परिवेश में शिक्षा, चिकित्सा आदि अनेक अत्यावश्यक आवश्यकताएँ हैं। इन सभी आवश्यकताओं की पूर्ति शिक्षा के द्वारा ही सम्भव है।

आधुनिक युग सूचना तकनीकी का युग है। इसमें प्राथमिक निम्न शिक्षण संस्थाओं से लेकर उच्च शिक्षण संस्थाओं तक शिक्षण प्रक्रिया को रुचिकर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज में रसायन शास्त्र विषय के शिक्षण के दौरान मैंने व्याख्यान विधि, शिलापट्ट विधि, प्रोजेक्टर विधि, स्मबजनतम बनउ कमउवदेजतंजपवद उमजीवक आदि कक्षाध्यापन की विधि अपनाया और इन विधियों का उपयोग सारांश वितरण के उपरान्त किया गया जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन कक्ष में विषय-वस्तु पर किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े क्योंकि जो सारांश हम विद्यार्थियों को देते हैं उसमें विभिन्न पुस्तकों के महत्त्वपूर्ण अंश समाहित होते हैं। वैसे तो कक्षाध्यापन के दौरान मैंने शिलापट्ट, चाक और डस्टर की सहायता से व्याख्यान दिया तथा आवश्यकतानुसार विस्तृत जानकारी के लिए नोट्स भी लिखवाये जिससे विद्यार्थी परीक्षा में अति लघु उत्तरीय से लेकर अति दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर सरलता से देने में सक्षम हो सके।

कक्षाध्यापन के दौरान प्रोजेक्टर के उपयोग से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्सुकता पायी गयी। उन्होंने शिक्षक द्वारा बनाये गये पी.पी.टी. को देखकर स्वयं भी बनाने का प्रयास किया।

- सारांश निर्माण के समय महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को ही लिखा गया और आवश्यकतानुसार फ्लो सीट विधि का उपयोग किया गया जिससे विद्यार्थी आसानी से समझ सकें। उदाहरणस्वरूप आइसोमेरिस्म में आइसोमर के प्रकार को पढ़ाने के लिए फ्लो सीट का उपयोग किया गया जिसके द्वारा कम से कम समय में महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया और विद्यार्थी समझ सके।
- कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग किया जाता है और इसमें अनुक्रमांक के आधार पर उपस्थिति दर्ज की जाती है। उपस्थिति पंजिका के सन्दर्भ में कोई समस्या नहीं आती है।
- वर्तमान कक्षाध्यापन में सारांश का वितरण किया जाना चाहिए। यह महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को प्रकाशित करने में सहायक होता है।
- अनुशासन एक महत्त्वपूर्ण बिन्दु है और विद्यार्थी के साथ-साथ शिक्षक पर भी लागू होता है। जब शिक्षक अनुशासन में रहते हैं तभी शिक्षार्थी भी अनुशासन में रहते हैं और यह हमारे महाविद्यालय के प्रत्येक अंग में विद्यमान है।
- कक्षाध्यापन के दौरान विषय-वस्तु को समाज, संस्कृति, जीवन, आचरण, सदाचार तथा देश-समाज के साथ जोड़कर पढ़ाया जाता है जिससे वह भौतिक जीवन में भली-भाँ समझकर उपयोग कर सके।

*प्रवक्ता-रसायन शास्त्र, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

डॉ. अमित कुमार मिश्र*

वर्तमान परिवेश में शिक्षकों द्वारा कक्षाध्यापन हेतु प्राचीन विधियों के साथ-साथ नयी तकनीकों का समायोजन अनुकरणीय है। नयी तकनीकों की सहायता से विषय-वस्तु को विद्यार्थियों के लिए सरल बनाया जा सकता है। उदाहरणार्थ- प्रोजेक्टर पर किसी पाठ्य सामग्री को दृष्टय-श्रव्य विधि का प्रयोग करके विद्यार्थियों की समझ को सुस्पष्ट और विकसित करने में मदद मिलती है। इन नयी तकनीकों के प्रयोग से विद्यार्थी को आधारभूत सिद्धान्त तथा इन पर निर्भर प्रयोगों को आसानी से दर्शाया और समझाया जा सकता है।

कक्षाध्यापन में प्रत्येक विषय-वस्तु पर सारांश का प्रयोग किया जाता है। शिक्षकों द्वारा निर्मित सारांश विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। सारांश में विषय से सम्बन्धित प्रमुख बिन्दुओं का विशेष रूप से उल्लेख किया जाता है।

कक्षाध्यापन के दौरान सारांश में वर्णित बिन्दुओं का विश्लेषणात्मक विवरण और उसकी समझ विकसित करना प्रमुख होता है। सारांश के उपयोग से पूरी विषयावली को योजनाबद्ध तरीके से निर्धारित समय में पूर्ण करने में सहायता मिलती है। उक्त विषय पर प्रश्नोत्तर क्रियाओं के द्वारा विद्यार्थी में अभिरुचि उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है। आगामी पाठ्य सामग्री के बारे में विद्यार्थी को पूर्व सूचना दे दी जाती है यद्यपि इसकी उपलब्धता महाविद्यालय के वेब पृष्ठ पर होती है। विद्यार्थी को स्वाध्याय करने के उपरान्त कक्षा में आने के लिए प्रेरित करता हूँ जिससे विद्यार्थी उस विषय पर अपनी समझ विकसित कर सके। इससे विद्यार्थी उक्त विषय पर कक्षाध्यापन के दौरान अपने कमजोर बिन्दुओं को शिक्षक के सामने प्रस्तुत कर सकता है। इसके फलस्वरूप विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने की क्रिया को फलीभूत किया जाता है। सारांश में कुछ प्रश्नों का समावेश विद्यार्थियों में समझ और रुचि विकसित करने हेतु उपयोगी हो सकता है।

कक्षाध्यापन में कुछ विषय सामग्रियों को बोधगम्य और पारदर्शी बनाने के लिए प्रोजेक्टर का उपयोग किया गया है। इसके प्रयोग से विद्यार्थियों में त्रिविमीय वस्तुओं की संरचना को सरलता से प्रदर्शित करने में मदद मिली है जिसे शिलापट्ट पर दर्शाना मुश्किल होता है।

कक्षाध्यापन के दौरान विद्यार्थियों में विषय-वस्तु के प्रति अभिरुचि एवं आकर्षण तभी उत्पन्न किया जा सकता है जब उनका ध्यान शिक्षक में समर्पित हो, और यह तभी सम्भव है जब उनमें अनुशासन का भाव उपलब्ध हो। अतएव कक्षाध्यापन के दौरान अनुशासन का होना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। विद्यार्थी में अनुशासन स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है जिसे महाविद्यालय के वातावरण, परिसर, आचरण और व्यवहार का प्रतिबिम्ब माना जा सकता है।

कक्षाध्यापन के दौरान कभी-कभी अनौपचारिक वार्ता की जाती है किन्तु इसका सम्बन्ध विषय से ही होता है। इस दौरान विषय से सम्बन्धित कुछ नवीन शोधों और उनके महत्त्व को दर्शाने की कोशिश करता हूँ। इसके अतिरिक्त देश, समाज आदि के बारे में कक्षाध्यापन के दौरान वार्ता करने की आवश्यकता नहीं दिखती है क्योंकि महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर इन विषयों पर चर्चा की जाती है।

*प्रवक्ता-भौतिक विज्ञान, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

वर्तमान शिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

प्रियंका मिश्रा*

कक्षाध्यापन की विधि- अब तक का जो मेरा अनुभव है उसके अनुसार कक्षाध्यापन में मन को वस्तुओं पर नियोजित करना आवश्यक होता है न कि वस्तुएँ हमारे मन को खींच लें। जब हम मन को कक्षा में केन्द्रित करेंगे तभी अच्छी तरह कक्षाध्यापन सम्भव है, जो कि मैंने अपनी कक्षाओं में किया।

अच्छे शिक्षण के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान आवश्यक नहीं है। यह विद्यार्थियों पर थोपने जैसा होता है। हमें शिक्षण कार्य में सजीवता लाने के लिए यथासम्भव शीर्षक से सम्बन्धित उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

कक्षाध्यापन हेतु सहायक सामग्री- शिलापट्ट, प्रोजेक्टर, सारांश इत्यादि का उपयोग विधि एवं प्रभाव- कक्षा में ये सामग्रियाँ अपनी मूल भूमिका निभाती हैं। सभी विषयों में कुछ कठिन शब्द, संरचना आदि को समझाने के लिए शिलापट्ट का प्रयोग आवश्यक है।

मैंने अपनी कक्षाओं में शिलापट्ट का उपयोग बहुत किया क्योंकि इसके बिना हम किसी अभिक्रिया को समझा नहीं सकते। जहाँ तक सम्भव हुआ प्रोजेक्टर का उपयोग भी मैंने अपनी कक्षाओं में किया। प्रोजेक्टर से कक्षाध्यापन में बहुत सहायता मिली और कक्षाएँ रुचिकर बनीं। जो संरचना शिलापट्ट पर बनाने में हम कठिनाई महसूस करते थे, उसके लिए प्रोजेक्टर सहायक सिद्ध हुआ। सारांश का उपयोग कक्षाध्यापन में बहुत नहीं है क्योंकि इससे विद्यार्थियों को सभी विषय-वस्तु मिल जाते हैं, जिससे उनमें लिखने की क्षमता कम हो सकती है।

सारांश निर्माण विधि एवं उदाहरणस्वरूप उसका प्रारूप- सारांश निर्माण में समय का अभाव होने के कारण मैंने बहुत सी पुस्तकों का उपयोग नहीं किया। मैंने सारांश को अच्छा बनाने का प्रयास किया। किसी शीर्षक को मूल बिन्दुओं के साथ कम शब्दों में अच्छी तरह समझाने का प्रयास किया।

विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन हेतु प्रयास व तरीके- विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा के प्रस्फुटन के लिए उचित अवसर व अनुकूल माहौल आवश्यक होता है जिससे वे अपनी छिपी हुई प्रतिभा को प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित होते हैं।

सप्ताह में एक दिन विद्यार्थियों द्वारा कक्षाध्यापन के माध्यम से हम उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करते हैं तथा जो विद्यार्थी इससे बचने का प्रयास करते हैं, उन्हें प्रेरित भी करते हैं।

पाठ्य सामग्री/कक्षाध्यापन को बोधगम्य एवं रुचिकर बनाने हेतु प्रयास- कक्षाध्यापन के दौरान यदि विद्यार्थियों को हम उनसे सम्बन्धित लाभ, उपयोग, हानि आदि बतायें तो उनकी रुचि बढ़ती है। किसी शीर्षक को सरलतम रूप से समझाने का प्रयास तथा साथ में उदाहरण प्रस्तुत कर हम उसे रुचिकर बनाते हैं।

कक्षा में उपस्थिति पंजिका का प्रयोग एवं उसमें समस्या और समाधान- कक्षा में उपस्थिति पंजिका आवश्यक है, जिससे छात्रों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति का पता चलता है। मुझे बी.एस-सी. प्रथम वर्ष की कक्षाओं में छात्रों की संख्या अधिक होने के कारण उपस्थिति दर्ज करने में शुरू में कुछ दिनों तक कठिनाई हुई। बाद में मैं अपनी गति बढ़ाती गयी और कम से कम समय में उपस्थिति दर्ज करने में सफल हो पायी। बी.एस-सी. द्वितीय व तृतीय वर्ष की कक्षाओं में उपस्थिति दर्ज करने में कोई समस्या नहीं हुई।

वर्तमान कक्षाध्यापन में अनुभव आधारित सुधार- वर्तमान कक्षाध्यापन में जिस विधि को हमने अपनाया है, वह उचित है। इस विधि से कक्षाएँ रुचिकर बनी हैं। इस तरह के कक्षाध्यापन में सुधार के लिए मेरा कोई विचार नहीं है। पहले की अपेक्षा आज के कक्षाध्यापन में बहुत से बदलाव हुए हैं।

*प्रवक्ता-रसायन शास्त्र, महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

अनुष्ठासन- अभी तक मेरी कक्षाओं में अनुष्ठासनहीनता नहीं हुई है। कभी किसी विद्यार्थी ने आपस में बात करने की कोष्ठिष्ठा की या करता हुआ पाया तो मैंने तुरन्त उन्हें रोका।

कक्षाध्यापन के दौरान अनौपचारिक वार्ता- कक्षाध्यापन के दौरान हमने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की अनौपचारिक वार्ता नहीं की। यदि विद्यार्थियों से इन विषयों यथा- महाविद्यालय परिसर संस्कष्ठि, जीवन-मूल्य, नैतिक आचरण, सदाचार से सम्बन्धित अनौपचारिक वार्ता कक्षाध्यापन के दौरान सम्भव हो तो उनके विकास में सहायक सिद्ध होगा। ष्ठिक्षा के साथ ही साथ विद्यार्थी के चरित्र का विकास होना आवष्ठयक है।

कार्यक्रम

सप्त दिवसीय कार्यष्ठाला

2-8 मार्च, 2014

विषय- वर्तमान ष्ठिक्षण प्रविधि एवं अनुभव आधारित सुधार

दिनांक	समय	व्याख्यान/परिचर्चा
02.03.2014	10.00-10.30	प्रस्ताविकी-डॉ. प्रदीप कुमार राव
	10.30-10.50	व्याख्यान-डॉ. अविनाष्ठा प्रताप सिंह
	10.50-11.10	परिचर्चा
	11.10-11.30	व्याख्यान-श्री लोकेष्ठा कुमार प्रजापति
	11.30-11.50	परिचर्चा
	11.50-12.20	जलपान
	12.20-12.40	व्याख्यान(प्रयोगात्मक)-डॉ. सुनील कुमार मिश्र
	12.40-01.00	परिचर्चा
	01.00-01.30	व्याख्यान(अतिथि)-डॉ. सूर्यपाल सिंह
03.03.2014	10.00-10.20	व्याख्यान-श्री नन्दन ष्ठार्मा
	10.20-10.40	परिचर्चा
	10.40-11.00	व्याख्यान-श्री पुरुषोत्तम पाण्डेय
	11.00-11.20	परिचर्चा
	11.20-11.50	जलपान
	11.50-12.10	व्याख्यान(प्रयोगात्मक)-डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव
	12.10-12.30	परिचर्चा
	12.30-01.00	व्याख्यान(अतिथि)-प्रो. सदानन्दप्रसाद गुप्त

04.03.2014	10.00-10.20	व्याख्यान-डॉ. राजेश शुक्ल
	10.20-10.40	परिचर्चा
	10.40-11.00	व्याख्यान-डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह
	11.00-11.20	परिचर्चा
	11.20-11.50	जलपान
	11.50-12.10	व्याख्यान(प्रयोगात्मक)-डॉ. अजय बहादुर सिंह
	12.10-12.30	परिचर्चा
	12.30-01.00	व्याख्यान(अतिथि)-श्री रोहिताश्व श्रीवास्तव
05.03.2014	10.00-10.20	व्याख्यान-डॉ. शशिकान्त सिंह
	10.20-10.40	परिचर्चा
	10.40-11.00	व्याख्यान-डॉ. आर.एन. सिंह
	11.00-11.20	परिचर्चा
	11.20-11.50	जलपान
	11.50-12.10	व्याख्यान(प्रयोगात्मक)-श्री वीरेन्द्र तिवारी
	12.10-12.30	परिचर्चा
	12.30-01.00	व्याख्यान(अतिथि)-डॉ. डी.पी.एन. सिंह
06.03.2014	10.00-10.20	व्याख्यान-श्री प्रकाश प्रियदर्शी
	10.20-10.40	परिचर्चा
	10.40-11.00	व्याख्यान-डॉ. राम सहाय
	11.00-11.20	परिचर्चा
	11.20-11.50	जलपान
	11.50-12.10	व्याख्यान(प्रयोगात्मक)-डॉ.शिव कुमार बर्नवाल
	12.10-12.30	परिचर्चा
	12.30-01.00	व्याख्यान (अतिथि)-डॉ. डी.एन. मिश्र

07.03.2014	10.00-10.20	व्याख्यान-डॉ. शालिनी सिंह
	10.20-10.40	परिचर्चा
	10.40-11.00	व्याख्यान-श्रीमती कविता मन्ध्यान
	11.00-11.20	परिचर्चा
	11.20-11.50	जलपान
	11.50-12.10	व्याख्यान (प्रयोगात्मक)-डॉ. विजय कुमार चौधरी
	12.10-12.30	परिचर्चा
	12.30-01.00	व्याख्यान (अतिथि)-डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय

(डॉ. विजय कुमार चौधरी)
संयोजक